आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 176 ● कटनी ● गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास कृष्ण पक्ष-अमावस ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## पश्चिम बंगाल का चर्चित शिक्षक भर्ती घोटाला

# 50 करोड़ से ज्यादा मिले

## अर्पिता मुखर्जी के फ्लैटों में अलीबाबा की गुफा जैसा खजाना





**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के दूसरे फ्लैट में बुधवार को छापेमारी की गई। पहली छापेमारी में ञ्नोटों का पहाड़ञ् बरामद होने के बाद अब अर्पिता के घर से अलीबाबा के संदूकों जैसा कैश मिला है। अर्पिता का यह दूसरा घर कोलकाता के बेलघरिया टाउन क्लब में है। इससे पहले अर्पिता मुखर्जी के एक घर से लगभग 21 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम मिली थी और महत्वपूर्ण कागजात हाथ लगे थे। अब 28.90 करोड़ कैश और 5 किलो सोना मिला है।गुरुवार सुबह चार बजे तक नोटों की गिनती जारी रही। जांच एजेंसी ने कहा कि परिसर से बरामद कुल नकदी अब लगभग 50 करोड़ हो चुकी है। अधिकारियों ने कहा कि शौचालय से भारी मात्रा में पैसा बरामद किया गया है। ईडी के अधिकारियों ने अर्पिता मुखर्जी के बेलघोरिया फ्लैट पर बुधवार सुबह तक यानी करीब 18 घंटे तक छापेमारी की। इससे पहले बुधवार को बेलघोरिया में दो फ्लैटों पर पूछताछ के बाद छापेमारी की गई थी। एक में करीब 22 करोड़ रुपये कैश और सोना मिला। सूत्रों के अनुसार अर्पिता के ठिकाने से करीब दो करोड़ का सोना भी बरामद हुआ है। रिपोर्टों में कहा गया है कि अर्पिता मुखर्जी ने दावा किया कि पार्थ चटर्जी ने उनके घर को मिनी बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। समाचार एजेंसी द्वारा साझा की गई तस्वीरों में ईडी के अधिकारियों ने तृणमूल कांग्रेस नेता और बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी के करीबी सहयोगी मुखर्जी के आवास से बरामद नकदी और आभूषणों से भरी लगभग 10 ट्रंक के साथ ट्रक को लोड किया। ममता बनर्जी के मंत्री को हाल ही में ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि इस बार उत्तर कोलकाता के बेलघरिया स्थित फ्लैट से नकदी मिली है जिसकी मालकिन मुखर्जी हैं। रथाला इलाके में अर्पिता के दो फ्लैट को ताला तोड़कर खोला गया क्योंकि उनकी चाबी नहीं थी। उन्होंने बताया, हमें हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में दो में से एक फ्लैट में बड़ी मात्रा में नकदी मिली है। उन्होंने बताया कि फ्लैटों की तलाशी के दौरान कई अहम दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। ईडी ने फ्लैट को सील कर दिया है। जांच एजेंसी ने पार्थ के सहयोगी और व्यवसायी मनोज जैन के बल्लीगंज स्थित आवास पर भी तलाशी ली है।

### बुधवार सुबह से जारी थी कार्रवाई

मुखर्जी ने पूछताछ के दौरान ईडी को कोलकाता के आसपास की अपनी संपत्ति की जानकारी दी थी। अधिकारी ने बताया कि बुधवार सुबह से ही इन संपत्तियों पर छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। मंत्री और मुखर्जी से पूछताछ के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुखर्जी जांच में सहयोग कर रही हैं, लेकिन मंत्री का रवैया असहयोगात्मक है। आपको बता दें कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर सीबीआई सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में समूह ग और घ वर्ग के कर्मचारियों और शिक्षकों की भर्ती में हुई कथित अनियमितता की जांच कर रही है। वहीं, ईडी घोटाले में धनशोधन की जांच कर रहा है। उल्लेखनीय है कि जिस समय यह कथित घोटाला हुआ, उस समय पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षामंत्री थे।

### अर्पिता के रिश्तेदारों के घर भी हुई छापेमारी

श्वष्ठ ने मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी के ठिकानों पर फिर छापा मारा। रिपोर्ट्स के मुताबिक पार्थ और अर्पिता के 5 ठिकानों पर श्वष्ठ ने छापा मारा है। श्वष्ठ की टीम ने कोलकाता और उसके आसपास पांच जगहों, उत्तर 24 परगना जिले के बेलघरिया और राजडांगा में बने अर्पिता के ऑफिस, रिश्तेदारों के घर और बाकी फ्लैट्स पर भी छापा मारा।





## सागर में हद दर्जे की लापरवाही!

# स्कूल में 30 बच्चों को एक ही सिरिंज से वैक्सिनेशन, मचा हड़कंप

**सागर यशभारत।** सागर में हद दर्जे की लापरवाही उजागर हुई है जिसमेंस्कूल के मासूम बच्चों की जिंदगी के साथ बड़ा खिलवाड़ हुआ है। यहां एक साथ कई बच्चों को एक ही सिरिंज से वैक्सीन दे दिया गया। मामला उजागर होते ही हड़कंप मच गया है। प्रशासन की तरफ से कड़ा एक्शन लेने की बात कही जा रही है। सागर जिले में स्थित एक स्कूल में 30 बच्चों को एक ही सिरिंज से वैक्सीन दिया गया है। इस मामले में सीएमएचओ ने मीडिया से कहा, ञ्हमें इस बात की शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जो लोग भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि बुधवार को जैन हायर सेकंडरी स्कूल में टीकाकरण का काम चल रहा था। वहां मौजूद कुछ परिजनों ने देखा कि वैक्सीन लगाने के बाद कर्मचारी सिरिंज नहीं बदल रहे। एक ही सिरिंज से कई बच्चों को वैक्सीन लगाया जा रहा है। इसके बाद को परिजनों ने वहां हंगामा खड़ा कर दिया।0सूचना मिलने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ डॉ. डीके गोस्वामी तुरंत मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि सीएमएचओ के वहां पहुंचने से पहले वैक्सीन लगाने ` वाला शख्स जितेंद्र अहरिवार वहां से फरार हो गया था। जितेंद्र के खिलाफ गोपालगंज थाने में केस दर्ज करवाया गया है।

### मेडिकल अफसर बोले- सख्त कार्रवाई करेंगे

## जंगल में लकड़ी बीनने गई महिला की चमकी किस्मत मिला

# 20 लाख का हीरा

**पन्ना यशभारत।** कीमती पत्थर की खदानों के लिए मशहूर पन्ना वन क्षेत्र के जंगल में लकड़ी बीनने गई एक गरीब महिला को 4.39 कैरेट का हीरा मिला। अनुमानों के मुताबिक नीलामी में हीरा 20 लाख रुपये तक का हो सकता है।हीरा निरीक्षक अनुपम सिंह ने कहा कि



पुरुषोत्तमपुर निवासी गेंदा बाई बुधवार को जंगल में लकड़ी लेने गई थी, लेकिन बुधवार को एक कीमती हीरा मिला। उन्होंने कहा कि महिला बाद में डायमंड ऑफिस पहुंची और पत्थर जमा किया, जो 4.39 कैरेट का हीरा है। अधिकारी ने कहा कि कच्चे हीरे की नीलामी की जाएगी और इससे होने वाली राशि को सरकारी रॉयल्टी और करों की कटौती के बाद महिला को दिया जाएगा। पत्रकारों से बात करते हुए गेंदा बाई ने कहा कि वह जंगल से जलाऊ लकड़ी इकट्ठा कर बेचती हैं और घर चलाने के लिए मजदूरी का काम भी करती हैं। आगे गेंदा बाई ने कहा कि उसके चार बेटे और दो बेटियां हैं, जिनकी उम्र शादी योग्य है। उन्होंने कहा कि नीलामी से प्राप्त धन का उपयोग उनके घर के निर्माण और उनकी बेटियों की शादी के लिए किया जाएगा। मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र का एक जिला पन्ना अपनी हीरे की खदानों के लिए जाना जाता है।

## रिजर्व बैंक बढ़ा सकता है ब्याज दरें

# रेपो रेट फिर 0.35 फीसदी बढ़ने की संभावना

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक एक बार फिर रेपो रेट में बढ़ोतरी का ऐलान कर सकता है, जिससे ब्याज दरें बढ़ने की संभावना है। आरबीआई अगले सप्ताह होने वाली MPC मीट में ब्याज दरों में बढ़ोतरी का ऐलान कर सकता है। आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि ऋक्च्ढ्ढ ब्याज दरों में 0.35 फीसदी तक की बढ़ोतरी कर सकता है। आपको बता दें कि 3 से 5 अगस्त तक होने वाली मौद्रिक नीति समिति (MPC) के प्रस्ताव से पहले एक रिपोर्ट में बोफा सिक्योरिटीज ने कहा कि RBI नीतिगत रुख में बदलाव करके कैलिब्रेटेड सख्ती करके ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर सकता है। RBI ने पिछली दो नीतिगत बैठकों में महंगाई पर काबू पाने के लिए ब्याज दरों में कुल 0.90 फीसदी की वृद्धि की है।

## भारी कर्ज के चलते घर बेचने वाला था शख्स

# घंटेभर पहले निकली एक करोड़ की लॉटरी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** लॉटरी का खेल बड़ा ही निराला होता है, जैकपॉट मिलते ही लोग एक झटके में करोड़पति बन जाते हैं। इसके लिए वे कई सालों तक अपनी किस्मत भी आजमाते हैं तब जाकर उनके हाथ जैकपॉट लगता है। लेकिन लॉटरी की एक बड़ी दिलचस्प कहानी केरल से सामने आई है जहां एक शख्स करीब पचास लाख के कर्ज में डूबा था और वह अपना सब कुछ बेचने जा रहा था। तभी उसकी एक करोड़ की लॉटरी निकल आई। दरअसल, यह शख्स केरल के मंजेश्वर का रहने वाला है। एजेंसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक शख्स का नाम मोहम्मद बावा है। बावा पर रिश्तेदारों और बैंक का 50 लाख रुपये का कर्ज था। उसने अपनी दो बेटियों की शादी और व्यापार में हुए घाटे से उबरने के लिए यह कर्ज लिया था। कर्ज के चलते बावा अपने नवनिर्मित मकान को औने-पौने दाम में बेचने को तैयार था, लेकिन सौदे से ठीक दो घंटे पहले एक करोड़ की लॉटरी लग गई।रिपोर्ट के मुताबिक बावा ने महज 2 घंटे पहले ही लॉटरी का रिजल्ट देखा कि वह एक करोड़ रुपए जीत गए हैं। बावा पेशे से एक पेंटर है और 8 महीने पहले ही उन्होंने मकान बनवाया था जो 2 हजार स्क्वायर फीट में है। बावा ने बताया कि वह किराए के मकान में शिफ्ट होने वाले थे। परिवार में पत्नी और पांच बच्चे हैं। दो बेटियों की शादी करा दी है

## राष्ट्रपति के खिलाफ अधीर के बयान पर बवाल

# लोस में गरजीं स्मृति, बोलीं- सोनिया देश से माफी मांगो

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर कांग्रेस सांसद अधीर रंजन की अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ आज भाजपा नेताओं ने लोकसभा में सोनिया गांधी से माफी की मांग की। भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने कहा कि सोनिया गांधी, आपने द्रौपदी मुर्मू के अपमान को मंजूरी दी। सोनिया जी ने सर्वोच्च संवैधानिक पद पर महिला के अपमान को मंजूरी दी।

महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपत्नी बोलने पर आज संसद में भारी हंगामा हुआ है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को दिल्ली में पार्टी के एक प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रपति के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था। इसे अब भाजपा ने मुद्दा बना लिया है। संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और स्मृति इरानी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।



स्मृति इरानी ने कहा कि इसके लिए कांग्रेस को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। इस बीच लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही हंगामे के चलते 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। भाजपा का कहना है कि इस मामले में सोनिया गांधी को माफी मांगनी चाहिए।स्मृति इरानी ने कहा कि कांग्रेस नेता का बयान बताता है कि उनकी पार्टी की सोच क्या है। उन्होंने कहा कि अधीर रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति जी को राष्ट्र की पत्नी बताकर अपनी सोच उजागर की है। यह सभी जानते हैं कि कांग्रेस की सोच आदिवासी विरोधी है और महिलाओं के खिलाफ है। अधीर रंजन चौधरी ही नहीं कांग्रेस को भी इस पर माफी मांगनी चाहिए।

### सोनिया गांधी बोलीं, अधीर रंजन चौधरी ने पहले ही मांग ली माफी

भगवा खेमे की इस मांग पर दो टूक जवाब देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने संसद के बाहर कहा, अधीर रंजन ने पहले ही माफी मांग ली है।वहीं, कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सीपीपी कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की तत्काल बैठक बुलाई है। पार्टी नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी को भी इस बैठक में शामिल होने के लिए कहा गया है।



## कोलकाता से जबलपुर जा रही स्पाइसजेट फ्लाइट की जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग

**जयपुर, एजेंसी।** कोलकाता से जबलपुर जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट में तकनीकी खराबी आने के बाद गुरुवार को जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। प्लेन में 25 यात्री सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। बता दें कि स्पाइसजेट की फ्लाइट्स में पिछले कई दिनों से दिक्कतें सामने आने के बाद DGC ने 8 हफ्ते के लिए स्पाइसजेट की सिर्फ 50प्रश फ्लाइट्स को उड़ान भरने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि स्पाइसजेट की फ्लाइट्स में पिछले कई दिनों से दिक्कतें सामने आने के बाद DGCA ने बड़ा फैसला लिया है। DGCA ने 8 हफ्ते के लिए स्पाइसजेट की सिर्फ 50% फ्लाइट्स को उड़ान भरने का आदेश दिया है।

# इलाज में लापरवाही से दुनिया में सालाना 26 लाख मौतें

## एनपीडीबी की रिपोर्ट में खुलासा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत में गलत सर्जरी से हर साल करीब 5 लाख लोगों की मौत हो जाती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की स्टडी में इसका खुलासा हुआ है। नेशनल प्रैक्टिशनर डेटा बैंक (एनपीडीबी) के मुताबिक, 67त्न गलत सर्जरी के केस 40 से ज्यादा उम्र के डॉक्टर के हाथों हुए, जबकि 40 से कम वालों में ऐसे मामले सिर्फ 25प्रतिशत हैं। इसकी वजह अति आत्मविश्वास है, क्योंकि अनुभवी डॉक्टरों को लगता है कि वे गलती नहीं कर सकते, जिससे वे लापरवाह हो जाते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 60 या उससे ज्यादा उम्र के डॉक्टरों से इलाज कराने वाले 12त्न मरीज भर्ती होने के औसतन 30 दिन के अंदर जान गंवा देते हैं। जैसे-जैसे डॉक्टर की उम्र बढ़ती जाती है, उनके मरीजों की मृत्यु दर भी बढ़ जाती है। 40 से कम उम्र के डॉक्टरों में ऐसे मरीज 10.8प्रश, 40 से 49 साल के बीच वालों में 11.1प्रश और 50 से 59 साल वालों में 11.3प्रश हैं। अमेरिकन जर्नल ऑफ मेडिसिन का कहना है कि ऐसे डॉक्टर, जिन्हें प्रैक्टिस करते हुए 20 साल हो चुके हैं, उनके गंभीर मरीजों की मृत्यु दर नए डॉक्टरों (5 साल से कम अनुभव) की तुलना में ज्यादा होती है। एक वजह यह भी है कि अनुभवी डॉक्टर नई तकनीकों से खुद को ज्यादा अपडेट नहीं रखते हैं।


### भारत में 67% गलत सर्जरी अनुभवी डॉक्टर कर रहे

## मंकीपॉक्स को लेकर केंद्र की गाइडलाइन

# 21 दिनों का आइसोलेशन और घावों को ढकना जरूरी

## जरूरी; वैक्सीन बनाने के लिए निकाला गया टेंडर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश में मंकीपॉक्स के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने जरूरी गाइडलाइंस जारी की हैं। इनमें 21 दिनों का आइसोलेशन, घावों को ढककर रखना और ट्रिपल लेयर का मास्क पहनना शामिल है। इसके अलावा सरकार ने मंकीपॉक्स की जांच के लिए



टेस्टिंग किट और वैक्सीन बनाने के लिए टेंडर निकाला है। देश में अब तक मंकीपॉक्स के 4 केस सामने आ चुके हैं। इनमें से 3 मरीज केरल में और 1 दिल्ली में मिला है। अब तक 4 संदिग्ध केस भी सामने आ चुके हैं। सभी के सैंपल नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे भेज दिए गए हैं। हालांकि, अभी तक रिपोर्ट नहीं आई है।मंकीपॉक्स संक्रमित रोगी को 21 दिन तक क्वारैंटाइन रहना होगा।चेहरे पर मास्क पहनने के साथ-साथ हाथों को धोते रहें। मास्क तीन लेयर वाला पहनना चाहिए।घावों को पूरी तरह से ढककर रखें। पूरी तरह से ठीक होने तक अस्पताल में रहना होगा।

# लोकसभा के पूरे सत्र से 50 से ज्यादा सांसद दे सकते हैं इस्तीफा!

**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद के मानसून सत्र में विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित है। इस बीच, दक्षिण के स्थानीय दल एक मंच पर आने की तैयारी कर रहे हैं। तेलंगाना के सीएम और टीआरएस नेता के चंद्रशेखर राव, डीएमके,ख्क्क जेडीएस और दक्षिण भारत के कांग्रेसी सांसदों से संपर्क कर रहे हैं। वह कोशिश कर रहे हैं कि विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसद 17वीं लोकसभा तक पूरे सत्र के लिए खुद के निलंबन का आग्रह करें और विरोध को नया मोड़ दे दें। राज्य सभा के 20 और लोकसभा के 4 सांसदों को सदन में हंगामे के कारण निलंबित कर दिया गया है। निलंबित सांसदों में डीएमके, टीआरएस, लेफ्ट, आप, कांग्रेस और टीएमसी के नेता भी शामिल हैं। टीआरएस सांसद रविचंद्र बड्डीराजू ने बताया कि जिस तरह से मोदी सरकार विपक्ष की आवाज को कुचल कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। उसके विरोध में दक्षिण भारत के ज्यादातर विपक्षी दलों के सांसद स्पीकर और सभापति से यह आग्रह करने का विचार कर रहे हैं कि उन्हें 17वीं लोकसभा तक के लिए ही सस्पेंड कर दिया जाए।'डीएमके के नेता कह रहे हैं कि सरकार सदन में विपक्ष को कठपुतली की तरह रखना चाहती है।

### केंद्र के खिलाफ विपक्ष का मोर्चा



### तेलंगाना के सीएम इनके संपर्क में

## धरने पर 24 निलंबित सांसद ,मेन्यू में चिकन से लेकर गाजर हलवा तक शामिल

**नई दिल्ली,एजेंसी।** लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा की मांग को लेकर सस्पेंड हुए 24 सांसद संसद भवन परिसर में गांधी मूर्ति के सामने 50 घंटे का रिले धरना दे रहे हैं। यानी बारी-बारी से 50 घंटे तक सांसद धरना दे रहे हैं। बुधवार सुबह 11 बजे शुरू हुआ धरना शुक्रवार दोपहर एक बजे तक चलेगा। सांसदों के खाने-पीने समेत जरूरी सुविधाओं का इंतजाम विपक्षी पार्टियों ने किया है। ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के लिए बाकायदा फूड रोस्टर तैयार किया है। इसमें दही-चावल, डोसा, हलवा, चिकन और गाजर हलवा तक शामिल हैं।

# कटनी में गीता निर्विरोध, रीठी में अर्पित बने जनपद अध्यक्ष

## विधायक संजय पाठक रहे भाजपा की जीत के सूत्रधार, गहमागहमी के बीच तीनों जनपदों में हुए चुनाव

कटनी, यशभारत। जिले की सभी आधा दर्जन जनपद पंचायतों में भाजपा ने कब्जा कर लिया है। तीन जनपदों में कल बुधवार को भाजपा समर्थित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जितवाने के बाद आज कटनी, रीठी और बहोरीबंद में भी भाजपा समर्थित अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस तरह जिले में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। पंचायत चुनाव में कांग्रेस की करारी हार हुई है। भाजपा की शानदार जीत के सूत्रधार पूर्व मंत्री एवं विधायक संजय पाठक रहे, जिनकी कुशल रणनीति के सामने कांग्रेस पस्त नजर आई। विधायक श्री पाठक के कुशल चुनाव प्रबंधन के चलते सभी 6 जनपद पंचायत में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार जीत दर्ज की।





### तीन में से दो जनपदों में मतदान, रीठी में 3 वोट से हराकर अर्पित अवस्थी ने हासिल की जीत, बहोरीबंद में कांग्रेस समर्थित लालकमल बंसल बने अध्यक्ष

जानकारी के मुताबिक आज तीन जनपद पंचायतों कटनी, रीठी एवं बहोरीबंद जनपद पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया गया। तीनों जनपदों में पीठासीन अधिकारियों की मौजूदगी में सुबह ठीक 11 बजे से चुनाव प्रक्रिया शुरू कराई गई। रीठी जनपद में अध्यक्ष पद के लिए अनुरोध अर्पित अवस्थी एवं पार्वती भरत पटेल द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया था। संवीक्षा के दौरान दोनों नामांकन पत्र वैध पाए जाने के बाद मतदान कराया गया। रीठी में अध्यक्ष का पद अनारक्षित मुक्त किया गया है। जिसके चलते यहां अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाने के लिए काफी खींचतान मची रही। अन्य जनपदों की तरह यहां भी कांग्रेस पूरी पिक्चर से गायब नजर आई। मतदान के बाद मतगणना की गई जिसमें अनुरोध अर्पित अवस्थी अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किए गए। अर्पित को 9 एवं पार्वती पटेल को 6 वोट मिले। इसी तरह जनपद पंचायत बहोरीबंद में भी अध्यक्ष पद के लिए दो सदस्यों द्वारा अपने नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे, जिसमे भाजपा समर्थित सोनम चौधरी (बाकल) एवं कांग्रेस समर्थित लालकमल बंसल शामिल थे। यहां घोषित किए गए परिणामों में कांग्रेस लालकमल बंसल ने जीत दर्ज की। उन्हें 15 वोट मिले, जबकि सोनम चौधरी को 9 वोट मिले। अध्यक्ष पद के निर्वाचन के बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई।

### कटनी जनपद में गीता बाई निर्विरोध निर्वाचित, विधायक संजय पाठक की रणनीति आई काम

जिला मुख्यालय की सबसे महत्वपूर्ण कटनी जनपद पंचायत में अध्यक्ष पद पर भाजपा ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। विधायक संजय पाठक की कुशल रणनीति के चलते अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित अध्यक्ष पद पर गीता बाई आदिवासी निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा के बाद कचहरी चौक में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शानदार तरीके से जीत का जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने विधायक श्री पाठक का पुष्पहारों से स्वागत किया। आतिशबाजी एवं ढोल नगाड़े के बीच कार्यकर्ता ने जीत की खुशी मनाई।

# वेदपाठी छात्रों को परिधान में रहकर शिक्षा ग्रहण करने के निर्देश, बैठक में लिया गया निर्णय

**कटनी,यशभारत।** रंगनाथ मंदिर परिसर में गत दिवस एक महत्वपूर्ण बैठक समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष एडवोकेट के के शर्मा जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए निर्णयों में सर्वप्रथम वेद पाठशाला में अध्ययनरत छात्रों के लिए नये गद्दे चद्दरएतकिया खरीदी एवं पलंग निर्माण करने की स्वीकृति प्रदान की गई एसाथ ही अध्ययनरत वेद पाठी छात्रों को परिधान सुनिश्चित करते हुए उन्हें परिधान में ही रहकर शिक्षा अध्ययन करने की सलाह देते हुए उनके लिए कुर्ता एवं धोती क्रय करने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में श्रावण मास में भगवान को अत्यंत प्रिय झूला उत्सव एवं कृष्ण जन्मोत्सव को बृहद रूप से मनाने एवं धूमधाम से कार्यक्रम करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए रंगनाथ भगवान की सेवा पूजा एवं मंदिर की सुचारू व्यवस्था बनाने के लिए श्री रंगनाथ सेवा समिति का भी गठन किया गया इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने तथा जीयर स्वामी मठ के शिष्यों



एवं श्रद्धालुओं ने सदस्यता ग्रहण की सदस्यता के लिए निर्धारित 1100 प्रतिवर्ष तथा श्रद्धा अनुसार 500 प्रतिमाह उसमें जमा करने का निर्णय लिया गया इस राशि से मंदिर की व्यवस्था तथा आवश्यक निर्माण कार्य एवं विभिन्न उत्सवों को मनाने के लिए राशि संकलित की जाएगी और उसका विधिवत हिसाब रखा जाकर संकलित राशि बैंक में जमा की जा कर समिति के निर्णय अनुसार व्यय किया जा सकेगा। मंदिर की भव्यता और उसकी प्रतिष्ठा के अनुकूल सभी उत्सव धूमधाम से मनाए जायेंगे। इस तरह झूला उत्सव के लिए विभिन्न रामायण एवं भजन मंडलों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। प्रमुख रूप से श्यामा श्याम रामायण मंडल रंगनाथ भजन मंडल श्री बजरंगबाल रामायण राधारानी रामायण मंडल महिला संकीर्तन मंडल एवं अन्य भजन मण्डलों को निर्धारित क्रमानुसार झूला उत्सव के संकीर्तन के लिए आमंत्रित किया जाएगा जो बिषेश कार्यक्रम दिनांक 04 अगस्त से 11 अगस्त तक किए जायेंगे एवं दिनांक 19 अगस्त को श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जावेगा इस अवसर पर उपाध्यक्ष रामाधार गौतम सचिव सत्येंद्र शुक्ला सह सचिव डॉ. आरके पाठक कार्यकारिणी सदस्य पंडित राजेंद्र गर्ग पंडित गणेश दत्त मिश्रा, व्यवस्थापक रामकरण दुबे, वेद विद्यालय के प्राचार्य पंडित धीरेन्द्र द्विवेदी आचार्य संदीप पाण्डेय, वरिष्ठ सदस्य पुरुषोत्तम दास सोनी टण्डन पंडित सियाराम परौहा, पंडित ओंकार मिश्रा, राजेंद्र उर्फ बबलू सिंह, अवधेश मिश्रा पण्डित एसरमन तिवारी, विनोद सेठिया, चंद्रमोहन जुत्शी, सुशील पाण्डेय, चंद्रेश शुक्ला, नरवद गुप्ता, टीकाराम महोबिया बडगैया सहित अनेक शिष्यजन एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## शिकागो पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व शतरंज दिवस

**कटनी, यशभारत।** शिकागो पब्लिक स्कूल में विश्व शतरंज दिवस मनाया गया। प्रति वर्ष की तरह स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने तीन दिन तक बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कुल 32 विद्यार्थियों ने जिसमें सीनियर वर्ग में 8 छात्रों एवं जूनियर वर्ग में 24 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग से भावेश रोहरा विजेता कक्षा 11 वीं और पियूष पांडे उपविजेता कक्षा 10 वीं रहे। इसी क्रम मे जूनियर वर्ग में सोमेश रोहरा विजेता कक्षा 8वीं एवं कृष्ण माटानी उपविजेता कक्षा 7वीं रहें। इसके मार्गदशक श्री मोहन नागवानी संचालक आरएल निगम प्राचार्य पीएस बैरागी, व्यस्थापक अनिल दुबे निर्णायक केण्कें सिंह संयोजक एवं समस्त शिकागो परिवार के शिक्षकों द्वारा छात्रों को प्रोत्साहित किया गया।





## कारगिल शहीदों को नमन कर दी श्रद्धांजली

**कटनी, यशभारत।** 4 म.प्र. स्वंतत्र कम्पनी के कमान अधिकारी ले. कर्नल जितेन्दर शर्मा के आदेषानुसार कटनी जिले में एनसीसी कैडेटों ने मनाया विजय दिवस। आज ही के दिन 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में विजय प्राप्त की थी। इस युद्ध में देष के सच्चे सपूतों ने दुष्मनों को मुंहतोड़ जवाब देकर उनका सामना किया था एवं देष की रक्षा में डटे रहे, देष में आंच भी न आने दिया, इसी दिवस को भारतीय सेना विजय दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाती है। डॉ. सुधीर कुमार खरे, प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महावि. कटनी के मार्गदर्षन में मेजर सरदार दिवाकर, शासकीय तिलक महावि. कटनी के साथ महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी के कैडेटों के द्वारा विजय दिवस मनाया गया। कैडेटों ने शहीदों को पुष्प अर्पित किया तथा कैण्डेल जलाकर शहीदों की कुर्बानियों को याद किया। इस अवसर पर शासकीय कन्या महावि. कटनी से ए.एन.ओ. नेहा चौधरी एवं 4 म.प्र. स्वतंत्र कम्पनी एनसीसी से सूबेदार मदनलाल, सूबेदार संजीव जसवाल, हवलदार दिनेष, हवलदार आदेष आदि उपस्थित थे।

## पत्नी की प्रताड़ना से परेशान होकर पति ने किया था अग्निस्नान

### पत्नी पर मामला दर्ज, गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम कटरिया में 14 जुलाई को आग में जलकर हुई एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। गौरतलब है कि ग्राम कटरिया निवासी 45 वर्षीय नरेश पिता किशोरीलाल बर्तन ने बीती 14 जुलाई को घर में अग्निस्नान कर लिया था। बाद में उसकी अस्पताल में इलाज दौरान मौत हो गई थी। मरणासन्न स्थिति में बयान में नरेश ने बताया था कि पत्नी चंपाबाई बर्मन प्रताड़ित करती थी। घर से निकालने की धमकी दे रही थी, खाना नहीं दे रही थी। जिसके कारण ही उसने आग लगाकर आत्महत्या करने विवश हुआ। इस पर पुलिस ने जांच उपरांत पत्नी के विरूद्ध अपराध दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# लक्ष्य के अनुसार सभी विभाग करें काम एप में कराएं फोटो अपलोड- कलेक्टर

## कलेक्टर ने अंकुर अभियान व हरियाली महोत्सव की तैयारी की समीक्षा कर दिए निर्देश

**कटनी, यशभारत।** पौधरोपण के लिए शासकीय विभागवार व निजी संस्थाओं का लक्ष्य तय कर दिया गया है। सभी अपनी तैयारी पूर्ण कर लें और लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण कराते हुए फेटो को वायुदूत एप पर अपलोड भी कराएं। यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अंकुर अभियान व हरियाली महोत्सव की तैयारी की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सभी ऑक्सीजन की कमी से जूझे हैं।


जिले में ऑक्सीजन लेबिल बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक पौधों का रोपण करें और पौधे रोपने के साथ उनकी सुरक्षा के भी पर्याप्त इंतजाम कराएं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि हरियाली महोत्सव का शुभारंभ 28 जुलाई से होना है और उससे पहले सभी विभाग वन विभाग, उद्यानिकी और एनआरएलएम की नर्सरी से पौधे ले लें ताकि परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि नगर निगम, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग तीनों मिलकर विश्राम बाबा गेट के पास आंगनबाड़ी केन्द्र के बाहर रिक्त पड़ी भूमि को व्यवस्थित कर उसमें पौधरोपण कराएं और सुरक्षा का इंतजाम कराएं। इसके अलावा नगर निगम को शहर में खाली पड़ी भूमियों पर ग्रीन बेल्ट तैयार करने के निर्देश भी कलेक्टर ने बैठक में दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अभियान को सफल बनाने के लिए शासकीय विभागों के साथ ही कर्मचारी संघ, सामाजिक संगठनों का भी सहयोग लेने के निर्देश बैठक में दिए। बैठक में अभियान के नोडल अधिकारी अजय श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में 75 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य तय किया गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी नर्सरी के नंबर जारी करने और पीएचई विभाग को पेयजल टंकियों के चारों ओर भी पौधे रोपकर उनकी सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




सिटी मॉल बरही रोड में

ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 4 शो ता. 29 से
दोपहर 1, 4,7, एवं रात्रि 10 बजे से




एक विलेन रिटर्न्स

कलाकार- जॉन अब्राहम, अर्जुन कपूर, दिशा पटानी, तारा सुतारिया आदि।

Tickets Available on Book My Show


बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



सिटी मॉल बरही रोड में

शानदार दूसरा सप्ताह

रोजाना 4 शो ता. 29 से
दोपहर 12, 3, 6, एवं रात्रि 9 बजे से




शमशेरा

कलाकार- रणवीर कपूर, संजय दत्त, वाणी कपूर, आशुतोष राणा आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402


### घर से स्कूल जा रही किशोरी का अपहरण

कटनी, यशभारत। कुठला थाना अंतर्गत पहरुआ में एक किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। कुठला थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक किशोर कुमार द्विवेदी ने बताया कि थाना क्षेत्र कि 17 वर्षीय किशोरी घर से स्कूल के लिए निकली थी, वह लापता है। परिजनों की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए तलाश शुरू कर दी गई है।

### सर्पदंश से महिला की मौत

कटनी, यशभारत। बरही थाना अंतर्गत ग्राम सिमरिया में एक महिला की सर्पदंश से मौत हो गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिमरिया निवासी 50 वर्षीय मायावती बाई पति ओमहरि सिंह गोड़ को सर्प ने काट लिया था। महिला की इलाज दौरान मौत हो गई है। सहायक उपनिरीक्षक महेश प्रताप सिंह ने बताया कि शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज–शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश**

E-mail ID :- modgmkat@mp.gov.in

क्रमांक 1378 /खनिज/उ0प0/ 2022, कटनी, दिनांक 26.5.2022

//सूचना//

( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18–क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेंसर्स व्हाईट मिनरल्स, प्लाट नंबर 186, नालंदा कालेज के पास,महावीर नगर, कटनी जिला–कटनी (म0प्र0) के द्वारा म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18–क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 13.05.2022 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है–

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा ( हे0 में) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | बड़वारा | गाल्हन | 341 P | 1.97 | अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त) | डोलोमाईट | |
| | | | 342 | 0.68 | | | |
| | | | 343 P | 0.25 | | | |
| योग– | | | | 2.900 हे0 | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला–कटनी म.प्र.

जी–14644/22

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 28 जुलाई 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## हड़ताल को लेकर डीई ने दी कार्यवाही की चेतावनी

### झिंझरी पुलिस द्वारा बिजली अधिकारियों कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार का मामला

**कटनी, यशभारत।** बिजली अधिकारियों के साथ पिछले दिनों झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा किये गए दुर्व्यवहार एवं यथोचित कार्यवाही नहीं होने पर अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा हड़ताल की चेतावनी दिए जाने को लेकर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ने सभी कर्मचारियों को नियमों का हवाला देते काम पर वापस आने के निर्देश दिए थे। निर्देशों में कहा गया था कि कटनी वृत्त में पदस्थ कतिपय सहायक, कनिष्ठ अभियंता अनाधिकृत रूप से अपने कार्यस्थल पर विगत 22 जुलाई को सुबह 11 बजे से 23 जुलाई को शाम 4.30 बजे तक अनुपस्थित रहे। मोबाइल एवं कटनी वृत्त के संबंधित वाट्सअप ग्रुप पर जानकारी लेने पर अपने कार्यस्थल पर अनुपस्थित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वे फोन के माध्यम से कार्य कर रहे हैं। इस संबंध में 22 जुलाई को सहायक अभियंता आरईएस उपसंभाग आदित्य परस्ते के नेतृत्व में करीब 27 लोगों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें उपभोक्ता आशीष गौतम, निवार वितरण केन्द्र के परिसर पर बकाया राशि होने के उपरांत विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही के फलस्वरूप हुए विवाद का हवाला देकर झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी के विरूद्ध 24 घंटे के अंदर कार्यवाही न होने की स्थिति में अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी गई थी। अधीक्षण अभियंता ने समस्त सहायक, कनिष्ठ अभियंताओं को चेतावनी दी थी कि मध्यप्रदेश अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्ता निवारण अधिनियम 1979 में निहित प्रावधानों के अनुसार कर्तव्य निवर्हन हेतु कर्त्तव्य स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अन्यथा उक्त अधिनियम का पालन नहीं करने पर कंपनी प्रबंधन को अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## लाइन सुधारने पोल पर चढ़े ठेकाकर्मी की करंट से मौत

### आपरेटर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



**रीठी/कटनी, यशभारत।** रीठी थाना अंतर्गत देवगांव बस स्टेंड में विद्युत विभाग के आपरेटर की लापरवाही से विभाग के ही एक प्राइवेट कर्मचारी की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत से आक्रोशित हुए परिजन व ग्रामीणों ने कटनी-दमोह मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जिससे घंटों आवागमन बाधित रहा। सूचना पर रीठी तहसील मुख्यालय सहित जिले के भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनों को समझा बुझाकर चक्काजाम खुलवाने के प्रयास किए। घंटों बाद अधिकारियों की समझाइश पर ग्रामीण सड़क से हटे और जाम खुला। घटना के संबंध में हासिल जानकारी के अनुसार रीठी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत हथकुरी निवासी 24 वर्षीय राजू उर्फ सत्येन्द्र पिता छोटेलाल कुशवाहा देवगांव स्थित विद्युत विभाग में प्राइवेट कर्मचारी के रूप में कार्य करता था। राजू रोज की तरह सोमवार को भी देवगांव बस स्टेंड में परमिट लेकर लाइन बंद करवाकर खंभे में चढ़कर बिजली सुधारने का कार्य करने लगा।

इसी दौरान ऑपरेटर की लापरवाही के कारण लाइन बंद नहीं की गई और राजू बिजली के खंभे में चढ़ गया। जिस कारण राजू को करंट लग गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिजनों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कटनी-दमोह मार्ग पर पर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की जानकारी लगते ही तहसील मुख्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों में हड़कंप मच गया और पुलिस सहित अन्य प्रशासन आनन-फानन में घटना स्थल पहुंचे। जहां अधिकारियों को भी ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा।

काफी मान-मनौव्वल के बाद जब जिला मुख्यालय से वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाइश दी तो ग्रामीणों की भीड़ सड़क से हटी और फिर जाम खुलवाया गया। इसके बाद रीठी पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए लाश को अपने कब्जे में लेकर रीठी अस्पताल में लाश का शव परीक्षण कराया। शवपरीक्षण के उपरांत लाश परिजनों को सौंप दी गई। रीठी पुलिस मर्ग कायम कर पूरे मामले की विवेचना कर रही है।



## खेत की जुताई करते पलटा ट्रेक्टर

### किसान की दर्दनाक मौत

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की सिलौड़ी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम नेगई में खेत की जुताई के दौरान ट्रेक्टर पलटने से एक 40 वर्षीय किसान की दर्दनाक मौत हो गई। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि ग्राम नेगई निवासी 40 वर्षीय प्रमोद पिता सोनेलाल काछी गतदिवस ट्रेक्टर से अपने खेत में जुताई कर रहा था। इसीदौरान ट्रेक्टर दलदल में फंस गया और निकालने का प्रयास करते समय पलट गया। जिसके कारण ट्रेक्टर के नीचे दबकर प्रमोद की मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## हीरागंज से किशोर का अपहरण

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के हीरागंज क्षेत्र स्थित शनि मंदिर के पास से एक किशोर के अपहरण का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है।

## विषपान से महिला की मौत

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम महगवां में विषपान से गंभीर एक 40 वर्षीय महिला की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम महगवां निवासी 40 वर्षीय गनेशिया बाई पति बिरजू कोल ने जहर पी लिया था। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## रेलट्रैक में कटा मिला रेलकर्मी का शव

### हत्या, हादसा या आत्महत्या का पता लगाने पुलिस की जांच शुरू

**कटनी, यशभारत।** रीठी थाना अंतर्गत कटनी-बीना रेलखंड में ग्राम टिहकारी के समीप रेलवे ट्रैक पर एक रेलवे कर्मचारी का शव कटा हुआ मिला है। कर्मचारी की मौत किन परिस्थितियों में हुई है अभी इसका खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की दी है। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि भान सिंह पिता कोमल सिंह प्वाइंट्समैन डीजल शेड एनकेजे में पदस्थ थे। सोमवार को टिहकारी के पास रेलवे ट्रैक में भान सिंह शव मिला है। कर्मचारी की मौत किन परिस्थितियों में हुई इसका खुलासा नहीं हुआ है। पीएम पंचनामा की कार्रवाई करते हुए मामले की जांच की जा रही है। परिजनों के कथन भी लिए जाएंगे। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा।

## करंट लगने से हुई थी वृद्ध की मौत

### साक्ष्य छिपाने दूर फेंका गया है शव, अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना अंतर्गत 01 नवंबर 2021 को एक शव मिला था। इस मामले में पीएम रिपोर्ट के अनुसार वृद्ध की मौत करंट लगने से होना बताया गया है। शव को छिपाने के लिए दूर फेंके जाने की भी बात सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 304ए, 201 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम अतरिया निवासी 65 वर्षीय हेतराम पिता रामकरण मिश्रा का शव मिला था। इस मामले में शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही थी। पीएम रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आए हैं कि वृद्ध की मौत करंट लगने से हुई है। आरोपियों ने इस मामले में शव को छिपाने के लिए दूर फेंक दिया था। इस मामले में बिजली विभाग से भी पूछताछ की जा रही है कि जहां पर शव मिला है, इसके आसपास किसे कनेक्शन दिए गए थे।

## विजयराघवगढ़ के स्कूलों में उत्साह से मनेगा आजादी का अमृत महोत्सव

### मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की बैठक में आयोजन पर चर्चा



**विजयराघवगढ़, यशभारत।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष एस के सिंह सोलंकी एवुं सचिव जी एस गर्ग की उपस्थिति में शासकीय कन्या माध्यमिक शाला विजयराघवगढ़ में बैठक हुई, जिसमें भारत की आजादी के गौरव पूर्ण 75 वर्ष होने पर आजादी का अमृत महोत्सव को लेकर चर्चा की गई। विदित हो कि मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में 1 अगस्त को प्रत्येक शैक्षणिक संस्थानों में पालकों, नागरिकों एवं बच्चों की उपस्थिति में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं आरती की जाएगी एवं आजादी के बारे में उद्बोधन द्वारा याद दिलाना तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का सम्मान आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। समस्त शिक्षकों से प्रत्येक शाला में उक्त कार्यक्रम हेतु आग्रह किया गया। बैठक में प्रमोद कुमार प्यासी, रचना मिश्रा, एस डी पांडेय, कैलाश प्रसाद तिवारी, संतोष कुमार मिश्र, वन्दना त्रिपाठी, जयप्रकाश बड़गैंया, गीता यादव, शारदा सिंह, आरती नामदेव, नीलम ताम्रकार, भगवत सिंह, प्रभु दयाल राठौर सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।



## मध्यान्ह भोजन के बाद बच्चों से धुलवाए जूठे बर्तन, समूह की लापरवाही

### प्राथमिक बालक शाला रीठी का मामला, लगातार सामने आ रहे मामले

**रीठी, यशभारत।** सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के बाद बच्चों से झूठे बर्तन धुलवाए जाने के मामले लगातार सामने आने के बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। पिछले दिनों रीठी तहसील के अंतर्गत आने वाली एक स्कूल में बच्चों से झूठे बर्तन धुलवाए जाने के मामले में कोई कार्यवाहीं भी नहीं हो पाई थी कि अब प्राथमिक बालक शाला रीठी मध्यान्ह भोजन के बच्चों से बर्तन धुलवाए जाने का मामला सामने आया है। चित्रों में मध्यान्ह भोजन के बाद बच्चे अपनी-अपनी थाली धोते नजर आ रहे हैं लेकिन मध्यान्ह भोजन चला रहे समूह और शिक्षक जान बूझकर भी अनजान बने हुए हैं। रीठी जनपद शिक्षा केंद्र मुख्यालय के पूर्व माध्यमिक बालक शाला रीठी की तहसील मुख्यालय होने के बावजूद भी समूह संचालक और शिक्षकों को कोई भय नहीं है। समूह द्वारा हद दर्जे की मनमानी बरतते हुए भोजन के बाद बच्चों से थाली धुलवाई जाती है, जहां शाला परिसर में नलकूप लगा हुआ है, वहां पर साफ सफाई भी शाला प्रबंधन द्वारा नहीं कराई गई, जिससे बरसात में जहरीले जीव जंतु का खतरा भी बच्चों के ऊपर मंडरा रहा है। जानकारी लेने पर बच्चों ने बताया कि वह प्रतिदिन मध्यान्ह भोजन के बाद थाली धोते हैं। जब रीठी मुख्यालय के माध्यमिक बालक शाला का यह हाल है, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्षेत्र के सुदूर अंचलों में विद्यालयों का क्या हाल होगा। ऐसी स्थिति में शिक्षा विभाग पर कई सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। अब देखना यह है कि ऊपर बैठे जिम्मेदार अधिकारी ऐसी स्थिति में क्या कार्रवाई करते हैं।




**कार्यवाही को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों का उदासीन रवैया**



## 19 में निर्विरोध तो 37 पंचायतों में मतदान

### जनपद पंचायत रीठी में उप सरंपच के लिए गहमागहमी के बीच हुए चुनाव, जीत के बाद निकला जुलूस

**रीठी, यशभारत।** जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत आने वाली 56 ग्राम पंचायतों में विगत 26 जुलाई को गहमागहमी के बीख उपसरपंच के चुनाव कराए गए। 19 पंचायतों में निर्विरोध उपसरपंच चुने गए, जिसमे मुहास, डांग, भरतपुर, रूड़मूड़, सिमराकलां, नैगवा, देवरी कलां, हरद्वारा, बड़गांव, तिलगवां, बिरुहली, निटर्रा, थनोरा, तिघराकलां, बरियारपुर, सिमराकलां, रैपुरा, खरखरी, कैमोरी शामिल है। इसी तरह 37 पंचायतों में उपसरपंच के लिए एक से अधिक उम्मीदवार होने पर मतदान करया गया। मतदान के बाद मतों की गिनती की गई और परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारियों एवं जनपद के कर्मचारियों की उपस्थिति रही। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचाायत डांग में सुधारानी सेन, भरतपुर में संगीता बाई यादव, रूड़मूड़ में छोटीबाई, सिमरा नंबर एक में राहुल यादव, नैगवां सुशीलाबाई, वसुधा में बेबीबाई, देवरीकलां में चमरू बैन, हरद्वारा में मुकेश, तिलगवां में सुनील, निटर्रा में अर्जुन प्रहलाद सिंह, थनौरा में जलेबी बाई, तिघराकलां में किशोरीलाल, बरयारपुर में शिवकुमार, सिमराकलां में सुनीता पटेल, रैपुरा में कुसुम बाई कोल, खरखरी में यशोदा रैदास, कैमोरी में उमाबाई सहित मुहांस, बड़गांव, बिरूहली पंचायतों में उपसरपंच का निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जबकि ग्राम पंचायत रीठी में अंकुश सोनी, बरहटा में छम्मी बाई, घनियां में सरोज बाई, पटेहरा में प्रदीप पटेल, करहिया में लट्टी किशोरी, पटौंहा में रविन्द्र सिंह, जमुनियां में अमलेश पटेल, सैदा में पुष्पारानी बैन, पोंड़ी में राजू, गोदाना में घनश्याम, सुगवां में अनीता यादव, हथकुरी में यशोदा बाई, बरजी में संतोष पटेल, कैना में सीताबाई यादव, गुरजलीकलां में सोना बाई पटेल, बकलेहटा में रंजीता लोधी, उमरिया में यशोदाबाई, कुम्हरवारा में टन्टू बाई, बिलहरी में गुलाबचंद्र चौरसिया, ढुढरी में दुर्गेश सिंह, बड़ागांव में बिन्दू, घुड़हर में सफरून निशा को उपसरंच चुना गया। उक्त आशय की जानकारी निर्वाचन शाखा जनपद रीठी के लिपिक उत्तम राय द्वारा दी गई।




## छात्रों को स्कूल बैग, ड्रेस एवं किताबों का वितरण

### अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद की सराहनीय पहल



**कटनी, यशभारत।** नगर की जैन समाज की प्रमुख सामाजिक संस्था अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद नीलांजना संभाग शाखा कटनी द्वारा सामाजिक सेवा के अंतर्गत मुक्तिधाम में स्थित स्वर्गीय ओम प्रकाश सरावगी की स्मृति में विद्यालय के निर्धन छात्र-छात्राओं को संस्था द्वारा गणवेश एवं शिक्षण सामग्री के तहत स्कूल टीशर्ट, कॉपियां, फल एवं टाफियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था की संरक्षक श्रीमती रश्मि सरावगी के सौजन्य से लगभग 120 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, स्कूल ड्रेस एवं किताबों सहित समस्त शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि निःशुल्क शिक्षण संस्थान का संचालन जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी शरद सरावगी, सतीश सरावगी एवं मनीष सरावगी परिवार द्वारा विगत 10 वर्षों से संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्था की बहनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिसमें प्रांतीय सह सचिव श्रीमती शशी जैन, अध्यक्ष श्रीमती संध्या जैन, प्रांतीय चेयर पर्सन श्रीमती बबीता जैन, नीता जैन, प्रांतीय प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी जैन, सुनीता जैन, सीमा चौधरी, प्रीति पटवारी, अंजू जैन, रश्मि सरावगी, अंजू जैन, आशा चंदेरिया, रुबी जैन, सचिव श्रीमती मंजू जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिल्पा जैन शामिल है।

## ग्राम पंचायत परसवारा के निर्विरोध उप सरपंच बने अभय



**विजयराघवगढ़, यशभारत।** जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली 74 ग्राम पंचायतों में उप सरपंच के चुनाव में अधिकतर उप सरपंच निर्विरोध चुने गए हैं, जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवारा में पंचायत के चहुंमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए ग्राम के युवा समाजसेवी अभय मिश्रा को समस्त वार्डों के सदस्य एक मतेन होकर करतल ध्वनि से सम्मानित कर बधाई दी।

## पट्टाभिषेक में सम्मिलित होने 5 अगस्त को अयोध्या जाएंगे शिष्य



**विजयराघवगढ़, यशभारत।** श्री संकट मोचन जगन्नाथ धाम स्थित श्री गरुड़ध्वज संस्कृत विद्यालय विजयराघवगढ़ में संत श्री डॉ राघवेश दास वेदान्ती जी महाराज प्रारंभिक शिक्षा लेने के बाद अयोध्या में परम पूज्य ब्रह्मर्षि डॉ रामविलास दास वेदान्ती जी महाराज श्री धाम अयोध्या के सानिध्य में शिक्षा प्राप्त करते हुए शिष्यत्व ग्रहण किया। उनकी गुरुनिष्ठा के प्रति समर्पण भाव से प्रभावित होकर आपका पट्टाभिषेक 5 अगस्त को पूज्य महाराज जी अपने उत्तराधिकारी के रूप में अयोध्या के ख्यातिलब्ध धर्माचार्यों की उपस्थिति में पट्टाभिषेक करते हुए हिन्दू धाम वशिष्ठ पीठ के श्री महंत की गद्दी में सिंहसनारुढ़ होंगे। इस महान उपलब्धि पर वैष्णवाचार्य नारायण स्वामी, पं कृष्णदास पांडेय, पं रामाधार गौतम, गोपाल दुबे, राजकुमार तिवारी, विमलेन्दु पयासी, डॉ अनिल मिश्रा, जागेश्वर प्रसाद मिश्र, अखिलेश शर्मा, मोहन भाई, आनंद अवस्थी, संदेश उपाध्याय, राजू गुप्ता, तारा सिंह, राजेन्द्र गर्ग, देवेन्द्र बड़गैया, अजीत पांडेय, राकेश उरमलिया, श्रीमती निर्मला नारेन्द्र पांडेय, लक्ष्मण यादव, दीनबंधु तिवारी, श्री निवास पांडेय, नारायण प्रसाद गुप्ता, पद्मा ताम्रकार सहित अन्य स्नेहीजन शिष्य पहुंचकर इस महत आयोजन का आनंद प्राप्त करेंगे।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CNW
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow
From 22nd July 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc. नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।


| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# 12 लाख लोगों ने लगवाया कोविड वैक्सीन का सतर्कता डोज

## मध्य प्रदेश ने रचा इतिहास

### देश के बाकी राज्यों में सतर्कता डोज टीकाकरण का एक दिन का आंकड़ा आठ लाख से नीचे ही रहा है



**भोपाल (यश भारत)।** कोरोनारोधी टीके की सतर्कता डोज लगवाने को लेकर मध्य प्रदेश के लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखा है। बुधवार को हुए पहले महाअभियान में करीब 12 लाख लोगों ने सतर्कता डोज लगवाई। 11.15 लाख लोगों का रिकार्ड कोविन पोर्टल पर दर्ज हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों के आंकड़े दर्ज करने पर यह संख्या 12 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। कुल टीकाकरण 13 लाख के करीब हुआ है। इसके साथ ही टीकाकरण में प्रदेश ने एक और रिकार्ड बना लिया है। अभी तक सतर्कता डोज को लेकर दूसरे राज्यों में जितने भी महाअभियान हुए हैं, उनमें यह सर्वाधिक है। अन्य राज्यों में सतर्कता डोज टीकाकरण का एक दिन का आंकड़ा आठ लाख से नीचे ही रहा है। राज्य टीकाकरण अधिकारी डा. संतोष शुक्ला ने बताया कि तीन, 17, 31 अगस्त और 14 व 28 सितंबर को भी महाअभियान होगा। महाअभियान में भोपाल में करीब 25 हजार लोगों ने ही सतर्कता डोज लगवाई। बता दें कि 15 जुलाई से प्रदेश में 18 साल से ऊपर के लोगों को निश्शुल्क सतर्कता डोज लगाने की शुरुआत हुई थी, लेकिन हर दिन एक लाख से कम डोज ही लग पा रही थीं। प्रदेश में करीब साढ़े पांच करोड़ लोगों को सतर्कता डोज लगाई जानी है। इनमें अभी तक 47 लाख को लग चुकी है।

### इस कारण रचा इतिहास

सुबह नौ बजे से टीका लगना था। लोगों की भीड़ दिखी तो कई जिलों ने सात बजे से ही टीका शुरू कर दिया। कई जिलों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। कंट्रोल रूम बनाए गए। मध्य प्रदेश भर में 10, 668 से ज्यादा केंद्र बनाए गए थे। लोगों को प्रेरित किया।

### भोपाल में 85 हजार का लक्ष्य था, 18 हजार को लगा टीका

महाअभियान में भोपाल में 85 हजार लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य था, लेकिन 18, 135 लोगों ने ही टीका लगवाया। इनमें करीब 90 प्रतिशत सतर्कता डोज वाले थे। जिले में 18 लाख लोगों को सतर्कता डोज लगाने का लक्ष्य है। भोपाल में कोरोना से फिर मौत भोपाल में लगातार दूसरे दिन कोरोना से एक मरीज की मौत हो गई है। बुधवार को 73 साल के पुरुष ने दम तोड़ दिया है। उधर प्रदेश में मंगलवार को 7774 सैंपलों की जांच में 248 मरीज मिले हैं।



## ट्रैक के किनारे बढ़ेगी हरियाली, चलती ट्रेन में सुकून महसूस करेंगे यात्री

### भोपाल रेल मंडल ट्रैक के किनारे रोपेगा 70 हजार पौधे

**भोपाल (यश भारत)।** रेलवे ट्रैक के किनारे हरियाली बढ़ेगी। इसके लिए भोपाल रेल मंडल ट्रैक के किनारे नीम, शीशम, पीपल और गुलमोहर जैसी प्रजाति के पौधे लगाएगा। इसकी शुरुआत 30 जुलाई से होगी। इस दिन व विशेष अभियान चलाकर 70 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है। ये पांच से आठ वर्ष में पेड़ का आकार ले लेंगे। इस तरह ट्रैक के किनारे हरियाली बढ़ जाएगी, जो ट्रेन से गुजरने वाले यात्रियों को सुकून महसूस कराएगी। भोपाल रेल मंडल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए यह कदम उठाया है। रेलवे ने पौधे लगाने के लिए ऐसे रेलवे ट्रैक को चुना है जिस पर निकट भविष्य में रेल लाइनों के विस्तार की योजना नहीं है। 70 हजार में से 25 प्रतिशत पौधे रेल कालोनियों व दफ्तरों के आसपास खाली जमीन पर भी लगाए जाएंगे। डीआरएम सौरभ बंदोपाध्याय ने बताया कि रेलवे शुरू से ही हरियाली बढ़ाने पर जोर दे रहा है। पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचे, इसके लिए हर स्तर पर काम किया जा रहा है। स्क्रैप प्रबंधन को मंडल ने बेहतर किया है और जमीन खाली करवाकर उसमें पौधे लगा दिए हैं। ट्रेनों में आरक्षण की जो सूची छपती थी, उसे डिजिटल स्वरूप में लेकर आ गए है। इससे कागजों की खपत कम हुई है, इससे पेड़ों को बचाने में मदद मिल रही है। ट्रेन के कोचों में बिजली आपूर्ति देने के लिए डीजल आधारित जनरेटरकार कोचों को हटा रहे है। इनमें डीजल का उपयोग होता था जिसके कारण वातावरण में फैलने वाला धुआं नुकसान पहुंचाता था।

### तत्कालीन डीआरएम ने शुरू कराई थी मुहिम

मंडल में हरियाली बढ़ाने पर तत्कालीन डीआरएम उदय बोरवणकर के रहते विशेष प्रयास हुए थे। तब मंडल में खाली जमीन को चिन्हित किया था और बड़े स्तर पर पौधे लगाए थे। ये पेड़ बन चुके हैं। तब रेलवे ट्रैक पर फाटकों के आसपास भी हरियाली बढ़ाने के प्रयास किए थे। इनमें महिला, पुरूष रेलकर्मियों ने आगे आकर हिस्सा हिया था। ये नर्सरी मंडल के भोपाल, इटारसी, गुना, बीना स्टेशन के आसपास विकसित की है।

## एमबीबीएस अंतिम वर्ष के 350 विद्यार्थियों का रिजल्ट रोका, छात्रों की चिंता बढ़ी

### नतीजे देर से आने से छात्रों की इंटर्नशिप में होगी देरी। नीट-पीजी परीक्षा से वंचित रहने का खतरा।



**भोपाल (यश भारत)।** । प्रदेश के सरकारी और निजी कालेजों के एमबीबीएस अंतिम वर्ष विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम तो मेडिकल यूनिवर्सिटी ने जारी कर दिया, लेकिन 350 विद्यार्थियों के रिजल्ट रोक दिए गए हैं। अब यह छात्र चिंतित हैं। उन्हें यही बताया जा रहा है कि आंतरिक मूल्यांकन के अंक नहीं आने की वजह से रिजल्ट रोका गया है। हालांकि, कहा यह जा रहा है कि विश्वविद्यालय ने दबाव में आकर जल्दबाजी में 1500 विद्यार्थियों में से करीब 1250 का रिजल्टी जारी कर दिया गया है। बाकी विद्यार्थियों की कापियों का मूल्यांकन नहीं हो पाने की वजह से रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। अपनी कमी छुपाने के लिए यूनिवर्सिटी के अधिकारी कालेजों पर आरोप मढ़ रहे हैं। यहां के परीक्षा नियंत्रक सचिन कुचिया ने कहा कि आंतरिक मूल्यांकन के अंक नहीं होने के कारण रिजल्ट रोका था। एक-दो दिन में जारी कर देंगे। बता दें कि परीक्षा अप्रैल में होने के बाद भी अब रिजल्ट जारी हुआ है। विद्यार्थियों ने रिजल्ट के लिए कई जगह शिकायत भी की थी।दरअसल रिजल्ट में देरी का सबसे बड़ा नुकसान छात्रों को यह है कि उनकी इंटर्नशिप में जितनी देरी होगी, उतना ही उसे पूरा होने में विलंब होगा। ज्ञात हो कि नेशनल मेडिकल कमीशन ने हर हाल में 365 दिन की इंटर्नशिप अनिवार्य की है। इतना समय पूरा करने के बाद ही इन छात्रों को नीट-पीजी में बैठने का मौका मिलेगा। पिछले साल 31 मार्च के पहले इंटर्नशिप पूरी नहीं होने की वजह से देश भर के 4 राज्यों के सात हजार विद्यार्थी नीट नहीं दे पाए थे। इस साल भी वही स्थिति बनी है। 31 मार्च के पहले इंटर्नशिप पूरी हो जानी चाहिए थी, पहले परीक्षा में देरी हुई और अब रिजल्ट में दो महीने ज्यादा लग गए। इस कारण अभी तक इंटर्नशिप शुरू नहीं हो पाई है। एक अगस्त से शुरू होने की उम्मीद है। ऐसा होता है तो इनकी इंटर्नशिप 31 जुलाई को पूरी हो पाएगी। विद्यार्थियों ने मांग की है कि प्रदेश सरकार की तरफ से नीट की परीक्षा कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी से बात की जानी चाहिए कि देरी से इंटर्नशिप होने पर भी परीक्षा में बैठने का मौका दिया जाए।

## लाठी, टार्च और वायरलेस सेट से हो रही है बाघों की सुरक्षा

## एक साल में 27 बाघों की मौत

### मध्यप्रदेश में अधिकारियों की लालफीताशाही और कुप्रबंधन से बाघ असुरक्षित हैं

**भोपाल (यश भारत)।** मध्य प्रदेश में अधिकारियों की लालफीताशाही और कुप्रबंधन से बाघ असुरक्षित हैं। बाघों की सुरक्षा सिर्फ लाठी, टार्च और वायलेस सेट से हो रही है। इसके लिए प्रदेश के आधा दर्जन टाइगर रिजर्व में ढाई हजार से ज्यादा सुरक्षा श्रमिकों को तैनात किया जा रहा है। इसके बाद भी इस साल अब तक 27 बाघों की मौत हो चुकी है और आश्चर्य की बात है कि ज्यादातर बाघों के शव घटना के 72 घंटे बीत जाने के बाद मिले हैं। इतना कुछ होने के बाद भी मध्य प्रदेश में स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स का गठन करीब 10 साल से लटका है।

### बाघों की सुरक्षा के लिए जरूरी

मध्य प्रदेश में इस साल हुई बाघों की 27 में से चार मौत साफ तौर से शिकार का परिणाम हैं जबकि तीन बाघों ने अपनी उम्र पूरी कर ली थी। दो बाघों की मौत अज्ञात कारणों से हुई है और ज्यादातर बाघों ने अपनी जान आपसी संघर्ष में गवां दी। लाठी, टार्च और वायरलेस सेट के साथ जंगल में पैदल भ्रमण करने वाले सुरक्षा श्रमिक सिर्फ निगरानी कर सकते हैं, वे न तो बाघों का शिकार रोक सकते हैं और न ही उनके बीच होने वाले आपसी संघर्ष पर विराम लगा सकते हैं। जबकि स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स में शामिल होने वाले जवान न सिर्फ शिकार पर प्रभावी नियंत्रण कर सकते हैं बल्कि बाघों के आपसी संघर्ष को भी कम कर सकने में सक्षम होंगे।



### वर्चस्व के लिए अस्तित्व दांव पर

वन्य प्राणी प्रेमी नरेंद्र बगड़िया का कहना है कि मध्य प्रदेश के वन्य अधिकारी अपने वर्चस्व को बचाए रखने के लिए बाघों के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स केंद्र सरकार के फंड से बनेगी और केंद्र सरकार के अधिकारियों के नियंत्रण में रहेगी। इससे जंगल में मध्य प्रदेश वन विभाग के कर्मचारियों का वर्चस्व समाप्त हो जाएगा। यही कारण है कि मध्य प्रदेश के अधिकारियों द्वारा लगातार इसकी अनदेखी की जा रही है जबकि कर्नाटक सरकार ने स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स का गठन वर्ष 2012 में ही कर लिया है। यही नहीं, 2018 में उत्तराखंड में कार्बेट नेशनल पार्क में भी यही फोर्स बाघों की सुरक्षा कर रही है।

### केंद्र सरकार की सलाह

वर्ष 2012 में केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को सलाह दी थी कि वे अपने यहां बाघों की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स का गठन करें। इसके लिए केंद्र सरकार ने सौ प्रतिशत फंड भी मुहैया कराने की बात कही थी। बताते हैं कि मध्य प्रदेश के जिन तीन टाइगर रिजर्व बांधवगढ़, कान्हा और पेंच में स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स के गठन की सलाह केंद्र सरकार ने दी है, वहां फील्ड डायरेक्टर भी केंद्र सरकार ही पदस्थ करने की शर्त थी। इसके बाद ही मामला ठंडे बस्ते में चला गया।



## एडाप्ट एन योजना ने बदली आंगन-बाड़ियों की सूरत

### बच्चों को मिल रहा प्ले स्कूल जैसा माहौल

#### स्वास्थ्य और पोषण सेवा में खाद्य सामग्री, दवाएं, बच्चों के इलाज आदि में सहयोग किया जा सकता है।

**भोपाल (यश भारत)।** एडाप्ट एन आंगनबाड़ी योजना ने जिलों की आंगनबाड़ियों की हालत बदल दी है। यहां बच्चों को अब प्ले स्कूल जैसा माहौल मिल रहा है। अब अभिभावक भी बच्चों को बिना झिझक आंगनबाड़ी भेज रहे हैं। बच्चे भी खुशी - खुशी आंगनबाड़ी केंद्र पहुंच रहे हैं और पढ़ाई के साथ -साथ खेल कूद भी कर रहे हैं। उक्त खुशियों की दास्तां अभिभाव , वल्लभ नगर निवासी लक्ष्मी परते ने व्यक्त की है। परते बताती है कि अब आंगनबाड़ी केन्द्रों में महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य केम्प आयोजित किए जा रहे हैं साथ ही मुफ्त में आवश्यक दवाईयां भी दी जाती है । बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में कपड़े, शिक्षा सहित शानदार खिलौने भी उपलब्ध कराए गए हैं । महिलाओं को भी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### हमारे घर के पास आंगनबाड़ी

क्रमांक 1007 है, यह आंगनबाड़ी केन्द्र केजीएन सोशल फाउंडेशन के मुनव्वर खान ने एडॉप्ट की है । वह बताती है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों की अब दशा और दिशा बदल रही है । बता दें कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाई जा रही एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी योजना में भोपाल जिले के जन-प्रतिनिधि, अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लिया जा रहा है।

### बच्चों को हर तरह की सुविधाएं कराई जा रही है उपलब्ध

जिले में एडाप्ट एन आंगनबाड़ी योजना के तहत अब आंगनबाड़ी केन्द्रों की दशा और दिशा बदल रही है । आंगनबाड़ी में बच्चे खुशी खुशी जा रहे हैं और पढ़ाई के साथ साथ मनोरंजन भी कर रहे हैं । भोपाल जिले की कई आंगनबाड़ी केन्द्रों को एडाप्ट कर चुके केजीएन सोशल फाउंडेशन के मुनव्वर खान ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र अब बच्चों की सेहत और सूरत बदल रहे हैं। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 160 में बच्चों को अपने बच्चे जैसे समझकर उनसे व्यवहार किया जा रहा है। बच्चों के पढ़ाई के साथ साथ खिलौने, टी वी आदि भी आंगनबाड़ी केन्द्र पर उपलब्ध कराए गए हैं जिससे बच्चों का मनोरंजन भी हो सके । अब अभिभावक अपने बच्चों को आंगनबाड़ी में खुशी खुशी भेज रहे हैं । उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने आंगनबाड़ी सेवाओं को अधिक प्रभावी और बाल रूचि योग्य बनाने के लिए आंगनबाड़ियों के प्रबंधन में जन-भागीदारी और सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एडाप्ट एन आंगनबाड़ी की गतिविधि आरंभ की हैं। इसमें दानदाता और सहयोगकर्त्ता आंगनबाड़ियों की आधारभूत आवश्यकताओं और सेवाओं में अपना योगदान दे सकते हैं। आंगनबाड़ी की अधो-संरचना से संबंधित आवश्यकता जैसे भवन निर्माण, अतिरिक्त कमरों का निर्माण, भवनों की रंगाई-पुताई, झूले, फर्नीचर, बच्चों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं की पूर्ति जैसे यूनिफॉर्म, कपड़े, जूते, चप्पल आदि में सहयोग और स्वास्थ्य और पोषण सेवा में खाद्य सामग्री, दवाएं, बच्चों के इलाज आदि में सहयोग किया जा सकता है।

## आवक घटने से और मिलों की मांग से मूंग 100 रुपये उछली

### मसूर, तुअर, उड़द में कामकाज सामान्य रहा

### भाव में कोई विशेष परिवर्तन नहीं रहा



**भोपाल (यश भारत)।** समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की तारीख घोषित होने का किसान अब तक इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद है एक सप्ताह में तारीख की घोषणा हो सकती है। इधर मंडियों में मूंग की आवक घटने लगी है। आवक कमजोर होने से पाइप लाइन में माल की कमी होने और मिलों की भरपूर डिमांड रहने से भाव में तेजी का वातावरण बना हुआ है। बुधवार को मूंग 100 रुपये बढ़कर 6400-6600 एवरेज 5400-5900 रुपये प्रति क्विंटल बोली गई। सूत्रों के अनुसार फिलहाल विदेश से कोई मूंग आने वाली नहीं है। वहीं अगले त्योहारी सीजन भी है जिससे मूंग में तेजी का व्यापार नजर आ रहा है। यूपी, बिहार और झारखंड की सभी उत्पादक मंडियों में मूंग की भारी शार्टेज की वजह से वहां भी दाम बढ़ रहे हैं। चने में भी सीमित पूछपरख रहने से भाव में आंशिक सुधार रहा। चना कांटा 4925-4950 रुपये प्रति क्विंटल तक बोला गया। मसूर, तुअर, उड़द में कामकाज सामान्य रहा। भाव में कोई विशेष परिवर्तन नहीं रहा।

दलहन के दाम- चना कांटा 4925-4950 विशाल 4600-4875 मसूर 6850 तुअर महाराष्ट्र सफेद 7100-7200 कर्नाटक 7300-7400 निमाड़ी 6000-6600 मूंग 6400-6600 एवरेज 5400-5900 उड़द बेस्ट बोल्ड 6800-7300 मीडियम 5500-6700 नया उड़द (गर्मी) 6800-7100 हलका 2500-4500 सरसों निमाड़ी 6000-6100 रायड़ा 5900-6100 टोली 4100-4150 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बताए गए। दालों के दाम- चना दाल 6050-6150 मीडियम 6250-6350 बेस्ट 6450-6550 मसूर दाल 7950-8050 बेस्ट 8150-8250 मूंग दाल 8300-8400 बेस्ट 8500-8600 मूंग मोगर 8700-8800 बेस्ट 8900-9000 तुअर दाल 8700-8800 मीडियम 8900-9000 बेस्ट 9100-9300 नई दाल 9600-10300 उड़द दाल 9000-9100 बेस्ट 9200-9300 उड़द मोगर 9900-9900 बेस्ट 10000-10100 रुपये प्रति क्विंटल के भाव रहे।

## नगर निगम में 29 दिवसीय कर्मचारियों की संख्या 13 हजार पार

### आडिट में आई आपत्ति

**भोपाल (यश भारत)।** नगर निगम में 29 दिवसीय कर्मचरियों की संख्या 13 हजार से अधिक हो गई है। इतनी अधिक संख्या में वेतन भोगी कर्मचारियों के होने पर आडिट में आपत्ति दर्ज की गई है। आडिटर का कहना है कि नगर निगम शासन से अनुमति लेकर इन कर्मचारियों को नियमित करे या तो इन्हें बाहर का रास्ता दिखाए। इसके बाजूद निगम अधिकारी आडिटर की आपत्ति पर संज्ञान नहीं ले रहे हैं। जबकि इनमें से हजारों कर्मचारी नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के घर में सेवाएं दे रहे हैं। इनमें अधिकतर बिना काम के वेतन ले रहे हैं। इसके बावजूद निगम प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई नहीं करने से निगम के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। हालांकि आडिट में आई आपत्ति को दरकिनार कर अपर आयुक्तों के निर्देश पर लगातार दैनिक वेतन भोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। जबकि आडिटर की आपत्ति में स्पष्ट कहा गया है कि इतनी बड़ी संख्या में 29 दिवसीय कर्मचारियों की निरंतर सेवाएं नही ली जा सकती है। मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग और नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा पूर्व में ही इस प्रकार की नियुक्तियों को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। जबकि नगर निगम द्वारा वर्ष 2011 से आकस्मिक कार्य संपादित करने के लिए 29 दिवसीय श्रमिकों को पूर्णतः अस्थाई रुप से नियोजित किया जाना प्रारंभ किया गया था। और काम समाप्त होने के बाद इन्हें नियोजन से अलग कर दिया जाता था। अन्य कार्यों के लिए फिर से आयुक्त् या अपर आयुक्त के निर्देष पर श्रमिकों को नियोजित किया जाता था। लेकिन वर्तमान में 29 दिवसीय श्रमिकों को एक दिवस का ब्रेक देकर उनसे निरंतर सेवाएं ली जा रही हैं। साथ इनका पीएफ भी काटा जा रहा है, जो नियम विरुद्ध है।

## नक्सलियों के लिए समर्पण नीति लाएगी सरकार, आत्मनिर्भर बनाने का होगा प्रयास

### गृह विभाग ने नीति का प्रारुप अंतिम निर्णय के लिए कैबिनेट को भेजा

**भोपाल (यश भारत)।** मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार नक्सलियों के लिए जल्द ही समर्पण नीति ला रही है। इसमें नक्सलियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पांच लाख रुपये नकद देने के साथ निश्शुल्क आवास, खेती के लिए भूमि भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए पुलिस मुख्यालय ने प्रस्ताव बनाकर गृह विभाग को भेजा था। विभाग ने नीति का प्रारूप तैयार करके अंतिम निर्णय के लिए इसे कैबिनेट भेजा है। प्रदेश के तीन जिले (बालाघाट, मंडला और डिंडौरी) नक्सल प्रभावित हैं। यहां नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए हाकफोर्स तैनात की गई है। अधोसंरचना विकास के साथ विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। अब सरकार ने तय किया है कि नक्सलियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समर्पण नीति लागू की जाएगी। इसमें नक्सलियों को समर्पण के लिए प्रोत्साहित करने के कई प्रविधान प्रस्तावित किए गए हैं। रोजगार स्थापित करने के लिए शासन की विभिन्न् योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास बनवाने के साथ आयुष्मान कार्ड बनवाकर निश्शुल्क स्वास्थ्य सुविधा और खेती के लिए भूमि भी उपलब्ध कराई जाएगी। गृह विभाग का कहना है कि कैबिनेट में प्रस्तावित नीति को अनुमति मिलने के बाद लागू कर दिया जाएगा।

# 9 नये 6 पुराने चेहरों के साथ नई परिषद तैयार

## पूर्व अध्यक्ष सहित एक दर्जन से अधिक पूर्व पार्षदों को मतदाताओं ने नहीं दिया मौका

**कैमोर,यशभारत। कैमोर नगर की करोड़पति नगर परिषद के चुनाव में इस बार लगभग दो दर्जन पूर्व पार्षद और उनके रिश्तेदार एक बार फिर अपनी किस्मत आजमाने मैदान में उतरे थे जिनमें आधा दर्जन पूर्व पार्षदों को ही मतदाताओं ने फिर अपना प्रतिनिधि चुनकर परिषद में भेजा है। एक वार्ड में निवर्तमान पार्षद की पत्नी चुनाव जीतीं हैं। एक दर्जन से भी अधिक पूर्व पार्षद और उनके रिश्तेदार दुबारा मतदाताओं का भरोसा नहीं जीत सके। चुनाव हारने वालों में नगर परिषद की एक पूर्व अध्यक्ष भी शामिल हैं। इस बार परिषद में 9 नये चेहरे हैं जबकि 6 पार्षद दूसरी या तीसरी बार पार्षद बने हैं।**



निवर्तमान एवं पूर्व पार्षदों में से जिन्हें मतदाताओं ने दुबारा चुनकर परिषद में भेजा है उनमें पहला नाम संतोष केवट का है। संतोष केवट पिछली परिषद में वार्ड क्रमांक 3 से पार्षद चुने गए थे। इस बार वार्ड क्रमांक 3 अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित हो जाने के कारण उन्हें वार्ड क्रमांक 2 से चुनाव लड़ना पड़ा जहां निवर्तमान पार्षद नजमा भारती और कांग्रेस सहित तीन अन्य निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में थे। मुख्य मुकाबला संतोष केवट और निर्दलीय उम्मीदवार सरवर खान के बीच रहा जिसमें संतोष केवट 428 मत पाकर 200 मतों से विजयी रहे। चुनाव में सर्वाधिक 428 मत प्राप्त करने का रिकार्ड भी संतोष के नाम रहा। भाजपा प्रत्याशी के रूप में वे दूसरी बार पार्षद चुने गए हैं। वार्ड क्रमांक 6 के निवर्तमान पार्षद वीरेंद्र उर्फ वीरू भी उन भाग्यशाली पार्षदों में शामिल हैं जिन्हें मतदाताओं ने एक बार फिर मौका दिया है। भाजपा ने इस बार भी उन्हें वार्ड क्रमांक 6 से ही अपना उम्मीदवार बनाया था जहां उनका मुकाबला भाजपा के बागी प्रत्याशी पूर्व पार्षद गुलाब सिंह सहित कांग्रेस और दो निर्दलीयों से था। निर्दलीय प्रत्याशी गुलाब सिंह को कड़े मुकाबले में हराकर वीरेंद्र उर्फ वीरू दूसरी बार वार्ड क्रमांक 6 से पार्षद निर्वाचित हुए हैं। वार्ड क्रमांक 8 से पहले भी दो बार पार्षद निर्वाचित होने वाले सुरेश परौहा को भाजपा ने तीसरी बार अपना प्रत्याशी बनाया था। इस बार उनका मुक़ाबला कांग्रेस सहित आधा दर्जन निर्दलीयों से था। सुरेश परौहा तीसरी बार भी वार्ड के मतदाताओं का भरोसा जीतने में कामयाब रहे। चुनाव में 311 मत लेकर उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी को 161 मतों के बड़े अंतर से पराजित किया। पिछले चार चुनावों से वार्ड क्रमांक 8 परौहा परिवार के पास ही रहा। दो बार महिला के लिए पार्षद पद आरक्षित हो जाने के कारण उनकी भाभी रुक्मणी परौहा को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया था। दोनो बार रुक्मणी परौहा यहां जीत दर्ज करने में कामयाब रहीं। अब पांचवीं बार परौहा परिवार पर लोगों ने भरोसा जताया है। नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 9 से भाजपा प्रत्याशी रहीं शांति यादव भी दूसरी बार पार्षद निर्वाचित होने में सफल रहीं। पिछली परिषद में वे वार्ड क्रमांक 11 से पार्षद चुनी गई थीं। इस बार वार्ड क्रमांक 11 के बजाए पार्टी ने उन्हें वार्ड क्रमांक 9 से मैदान में उतारा। उनके खिलाफ कांग्रेस के अलावा दो निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में थे। सारे समीकरण उनके विरुद्ध थे। भाजपा के दो बागी प्रत्याशियों सहित कांग्रेस प्रत्याशी को भी शिकस्त देकर वे दूसरी बार पार्षद का चुनाव जीतने में सफल रहीं उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस की मिथलेश बर्मन को 68 मतों से हराया। वार्ड क्रमांक 10 से पिछली बार भाजपा के अजय पप्पू शर्मा पार्षद चुने गए थे जो बाद में परिषद के उपाध्यक्ष भी बने। इस बार वार्ड क्रमांक 10 अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित था। भाजपा ने निवर्तमान पार्षद अजय पप्पू शर्मा की पत्नी मनीषा शर्मा को उम्मीदवार बनाया जिनका मुकाबला कांग्रेस सहित भाजपा के बागी और दो निर्दलीय प्रत्याशियों से था। चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए भाजपा प्रत्याशी मनीषा शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व पार्षद एस महेंद्र सोनी को 258 मतों के भारी अंतर से पराजित किया। उन्हें 359 मत मिले जबकि कांग्रेस को 101 मतों से ही संतोष करना पड़ा। वार्ड क्रमांक 13 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने वाली पूर्व पार्षद अनीता सेन और वार्ड क्रमांक 15 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे पूर्व पार्षद वीरेन्द्र बैगा ने भी दूसरी बार जीत दर्ज की है। दोनों 2010 की परिषद में भी पार्षद रहे। इस बार दोनो ने भाजपा की टिकट मांगी थी। पार्टी की उम्मीदवारी नहीं मिली तो निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन भर दिया। दोनो पर भरोसा जताते हुए मतदाताओं ने इन्हें एक और मौका दिया है।

### 13 पूर्व पार्षदों को मतदाताओं ने नहीं दिया मौका

जिन निवर्तमान और पूर्व पार्षदों को मतदाताओं ने इस बार मौका नहीं दिया उनमें वार्ड क्रमांक एक से भाजपा के प्रत्याशी रहे संजय जयसवाल, वार्ड क्रमांक दो से निर्दलीय प्रत्याशी रहीं निवर्तमान पार्षद नजमा भारती, इसी वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी रहे पूर्व पार्षद रवि दुबे, वार्ड क्रमांक 4 की निर्दलीय प्रत्याशी मिथलेश जमुना सेन, वार्ड क्रमांक 5 की कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व पार्षद ऊषा कोल, वार्ड क्रमांक 6 से दो बार पार्षद रहे गुलाब सिंह, वार्ड क्रमांक 7 की निवर्तमान पार्षद कांग्रेस प्रत्याशी शांति बाई, वार्ड क्रमांक 10 की कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व पार्षद एस महेंद्र सोनी, वार्ड क्रमांक 11 से निर्दलीय प्रत्याशी शकूर खान, वार्ड क्रमांक 12 से भाजपा प्रत्याशी निवर्तमान पार्षद जावेद मियांदाद इसी वार्ड से पूर्व पार्षद कांग्रेस प्रत्याशी रफीक खान वार्ड क्रमांक 14 से पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस प्रत्याशी नीतू रजक और वार्ड क्रमांक 15 से निवर्तमान पार्षद गौरी बाई भी इस बार मतदाताओं का भरोसा नहीं जीत सके।

### परिषद में आधे से ज्यादा नये चेहरे

नगर परिषद में इस बार 9 चेहरे ऐसे होंगे जो पहली बार पार्षद चुनकर परिषद में पहुंचे हैं। इनमें वार्ड क्रमांक एक से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुने गए उमेश शर्मा, वार्ड क्रमांक 3 से सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज कराने वाली भाजपा प्रत्याशी पलक नमित ग्रोवर, वार्ड क्रमांक 4 से भाजपा प्रत्याशी रही ऋचा मनीष नवेत, वार्ड क्रमांक 5 से भाजपा प्रत्याशी रहीं अनीता कोल वार्ड क्रमांक 7 से भाजपा की प्रत्याशी रहीं विनीता कोल वार्ड क्रमांक 10 से भाजपा प्रत्याशी के रूप में निर्वाचित होने वाली मनीषा अजय शर्मा, वार्ड क्रमांक 11 से भाजपा प्रत्याशी रहे राजेश पांडेय, वार्ड क्रमांक 12 से निर्दलीय रहे पप्पू टेलर और वार्ड क्रमांक 14 से चुनी गई निर्दलीय प्रत्याशी रिजवाना सद्दाम शामिल है।

# जांच प्रतिवेदन और सभी दस्तावेजों सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करें रिपोट अधिकारी- कलेक्टर

## सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों पर कलेक्टर ने की सुनवाई, संबंधित अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश



**कटनी,यशभारत।** सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने प्रत्येक मंगलवार को स्थानीय सुनवाई कार्यक्रम प्रारंभ किया है। मंगलवार को कलेक्टर श्री मिश्रा ने आठ प्रकरणों में सुनवाई की और संबंधित विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर निराकरण करने के निर्देश प्रदान किए। स्थानीय सुनवाई में कटनी नगर निगम क्षेत्र निवासी नागेन्द्र की जमीन संबंधी शिकायत पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने आयुक्त नगर निगम को निर्देशित किया कि भूमि किस प्रकार की है और जांच की रिपोर्ट व आपत्तिकर्ता के रजिस्ट्री की कापीए सभी दस्तावेज साक्ष्य सहित स्वयं के हस्ताक्षर से जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। वहीं कटनी शहर निवासी कुलदीप नामदेव की भूमि पर अतिक्रमण संबंधी मामले की सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने एसडीएम कटनी को जांच कर शिकायत का निराकरण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आवेदक अचल कुमार स्लीमनाबाद तहसील ने भी अतिक्रमण संबंधी शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में कलेक्टर श्री मिश्रा ने एसडीएम बहोरीबंद को जांच कर प्रकरण का निराकरण के निर्देश दिए गए। नगर के आईके सचदेवा ने दुकान के सामने नाली का ओवर फ्लो पानी भरने की शिकायत की थीए जिसमें सुनवाई के बाद आयुक्त नगर निगम को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। ढीमरखेड़ा क्षेत्र के रमजान भाई ने वन विभाग द्वारा उनकी निजी भूमि पर टंच खोदने की शिकायत की थी। प्रकरण में सुनवाई के बाद कलेक्टर श्री मिश्रा ने एसडीएम ढीमरखेड़ा को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने निर्देशित किया। जाकिर हुसैन वार्ड निवासी विनोद कुमार रजक ने छह माह से पानी नहीं आने संबंधित शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के बाद कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को शिकायतकर्ता की तकनीकी समस्या का निराकरण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए। मंगलनगर क्षेत्र निवासी परमानंद सोनी के जमीन का नामांतरण न होने के मामले में कलेक्टर ने एसडीएम कटनी को प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं बहोरीबंद क्षेत्र के शिवकुमार मेहरा द्वारा जमीन पर दूसरे द्वारा कब्जा करने और मामले पर कार्रवाई न करने की शिकायत की थी। प्रकरण में कलेक्टर श्री मिश्रा ने एसडीएम बहोरीबंद को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान जिला प्रबंधक लोक सेवा दिनेश विश्वकर्मा उपस्थित थे।



# जनसुनवाई में 53 आवेदकों ने दिए आवेदन

### संबंधित अधिकारियों को दिए गए निराकरण करने के निर्देश

**कटनी,यशभारत।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर संयुक्त कलेक्टर साधना परस्तेए डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा ने आवेदकों के आवेदनों पर सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण करने के निर्देश प्रदान किए। जनसुनवाई के दौरान 53 आवेदकों ने आवेदन दिए। जिसमें तहसील रीठीए तहसीलदार बाकलए एसडीएम कार्यालय बहोरीबंदए तहसीलदार स्लीमनाबादए पुलिस अधीक्षक कार्यालयए एसडीएम विजयराघवगढ़ए तहसीलदार विजयराघवगढ़ए सीएमएचओए आयुक्त नगर निगमए विद्युत विभागए महिला एवं बाल विकास विभागए शिकायत शाखाए खाद्य विभागए जनपद कटनीए जिला पंचायतए सामाजिक न्याय विभागए संस्थागत वित्तए तहसीलदार नजूलए स्थापना शाखाए शिक्षा विभागए जनपद पंचायत बड़वाराए नायब तहसीलदार उमरियापानए तहसीलदार बड़वाराए कटनीए एसडीएम कटनीए तहसीलदार बरहीए एसडीएम ढीमरखेड़ाए नायब तहसीलदार पहाड़ीए उद्यानिकी विभागए वन विभागए अधीक्षक भू अभिलेखए तहसीलदार बहोरीबंदए शिक्षा केन्द्र से जुड़े आवेदन शामिल थे। इस दौरान सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य और जिला उपभोक्ता आयोग कार्यालय में लगेंगी लोक अदालतें

**कटनी, यशभारत।** राज्य और जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये 17 सितम्बर को लोक अदालतों का आयोजन होगा। अध्यक्ष राज्य उपभोक्ता आयोग न्यायमूर्ति शांतनु एस केमकर ने बताया कि राज्य उपभोक्ता आयोग में विचाराधीन प्रकरणों के संबंध में लोक अदालत की कार्यवाही राज्य आयोग के भोपाल कार्यालय तथा जिला उपभोक्ता आयोगों में विचाराधीन प्रकरणों के संबंध में लोक अदालत की कार्यवाही संबंधित जिला उपभोक्ता आयोग के जिला कार्यालय में संचालित की जायेगी।

लोक अदालत प्रकरणों के निराकरण हेतु इच्छुक पक्षकार एवं अधिवक्ता से प्री सिटिंग की कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में जिला उपभोक्ता आयोगों को निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं। सभी पक्षकार और अधिवक्ता से आग्रह है कि वे अधिकाधिक संख्या में लोक अदालत के माध्यम से अपने विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण में सहयोग करें।

# स्वतंत्रता दिवस पर फारेस्टर प्लेग्राउंड में होगा मुख्य समारोह

### समारोह की तैयारी को लेकर कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई बैठक



**कटनी, यशभारत।** आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह नगर के फारेस्टर प्लेग्राउंड स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को मुख्य समारोह की तैयारी समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि कार्यक्रम के दौरान बारिश को देखते हुए संपूर्ण व्यवस्थाएं कराएं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि पूर्व वर्ष की भांति आयोजन किया जाएगा लेकिन बारिश को देखते हुए चयनित सास्कृतिक कार्यक्रमो का हो आयोजन कराएं। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में मुख्यातिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और उसके बाद राष्ट्रगान व ध्वज सलामी होगी। मुख्यातिथि द्वारा परेड का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा और उसके बाद हर्ष फायर व मार्च पास्ट होगा। पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने पर्व की पूर्व संध्या पर सभी शासकीय कार्यालयोंए सार्वजनिक स्थलों व स्मारकों में रोशनी करने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में कार्यक्रम के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर अलग.अलग विभागों को दायित्व सौंपे गए और समय पर सभी कार्य करने के निर्देश प्रदान किए गए। डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्माए एएसपी मनोज केडिया सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# पर्यटन क्विज का आयोजन 24 अगस्त को, 5 अगस्त तक होंगे पंजीयन

**कटनी,यशभारत।** एमपी टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदेश के छात्र.छात्राओं में मध्यप्रदेश में पर्यटन के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 24 अगस्त को उत्कृष्ट स्कूल माधवनगर में किया जाएगा। उत्कृष्ट स्कूल माधवनगर प्राचार्य विभा श्रीवास्तव ने बताया कि जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में होगा। प्रथम चरण में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक लिखित परीक्षा होगी। जिसमें 100 प्रश्न होंगे। प्रश्न पर्यटन से संबंधित परिक्षेत्र कला संवर्धनए अध्यात्मए प्राकृतिकए सांस्कृतिक परिवेश से संबंधित होंगे। जिसमें से 6 सर्वश्रेष्ठ टीमों का चयन द्वितीय चरण के लिए किया जाएगा। द्वितीय चरण दोपहर 2ण्30 बजे से 4ण्30 बजे तक होगाए जिसमें ऑडियो विजुअलए मल्टीमीडिया आधारित मध्यप्रदेश से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रश्न हिन्दी व अंग्रेजी दोनों माध्यम में होंगे। प्रत्येक विद्यालय से तीन सदस्यीय टीम भाग लेगी। जिसमें कक्षा 9वीं एवं 12वीं में अध्यनरत बालक व बालिकाएं भाग ले सकेंगी। जिनके चयन का पूर्ण अधिकार विद्यालय प्राचार्य व प्रबंधन का होगा। प्रतियोगिता स्थल पर टीमों को प्रभारी शिक्षक के साथ स्वयं के साधनए संसाधन से सुबह 9ण्30 बजे तक उपस्थित होना हागा। प्रतियोगिता के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 5 अगस्त है। आवेदन प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर को प्राचार्य की सील व हस्ताक्षर के साथ जमा करने होंगे। समय सीमा के बाद कोई भी प्रविष्टि स्वीकार नहीं होगी। जिले के विजेता व उपविजेता टीम को प्रमाण पत्र व उपहार प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 15 सितंबर को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय स्पर्धा में सहभागिता का अवसन प्राप्त होगा।

# प्रत्येक कर्मचारी जोखिम उठाकर करता है कार्य, सभी बधाई के पात्र- विधायक





**कटनी,यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत ऊर्जा विभाग द्वारा उज्जवल भारत.उज्जवल भविष्य अभियान अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को नगर निगम ऑडिटोरियम बस स्टैंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल सहित नव निर्वाचित पार्षद उपस्थित थे। अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में डीजीएम एनटीपीसी कुंदन राय ने भारत सरकार व विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे उज्जवल भारत.उज्जवल भविष्य कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। साथ ही ऊर्जा विभाग में हुए नवीन परिवर्तन व कार्यों की जानकारी दी। अधीक्षण यंत्री संजय अरोरा ने जिले में बेहतर बिजली व्यवस्था और नगर में कराए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

### उज्जवल भारत. उज्जवल भविष्य अभियान अंतर्गत नगर निगम आडिटोरियम में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

मुख्यातिथि विधायक श्री जायसवाल ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग लगातार बेहतर काम कर रहा है और उपलब्ध्यिों के लिए सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कार्यक्षमता पर कोई संदेह नहीं और कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर बेहतर से बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र के दुर्गा चौक में स्वीकृत नवीन सब स्टेशन सहित 81 करोड़ रूपये की लागत से होने वाले कार्यों की भी जानकारी मंच से दी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बालिकाओं ने दी प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान बालआश्रय गृह लिटिल स्टार फाउंडेशन की बालिकाओं व गीतांजलि महाविद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं तिलक कॉलेज के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बिजली का महत्व बताया। कार्यक्रम के दौरान डीई सुभाष नागेश्वरए मैनेजर एनटीपीसी धनंजय शर्माए एई सुमंत सिंहए जिला सशक्तिकरण अधिकारी वनश्री कुर्वेती सहित अन्य विभागीय अधिकारी व नव निर्वाचित पार्षद उपस्थित थे।

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कटनी (मध्यप्रदेश)**

क्रमांक /5844/ आर.डी.एम./2022 कटनी दिनांक 02.06.2022

**इश्तहार**


आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स इंडियन आयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा आवेदक दिलिप कुमार राय आत्मज श्री नेक नारायण राय साकिन पी-10 शिवालय परिसर जगदम्बा कालोनी लमती जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. का ग्राम इमलिया तहसील रीठी जिला कटनी म.प्र. को खसरा नं. 77/2 पहनं 36 में स्थित भूमि पर भू-भाग एरिया 30X30=900 वर्ग मीटर में तहसील रीठी में रिटेल आउटलेट पेट्रोल/ डीजल पम्प की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसकी एक प्रति संलग्न प्रेषित है। अतः आवेदक कंपनी को उक्त कार्य के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में यदि किसी भी संस्था/ व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर स्वयं या अपने प्रतिनिधि के द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

**अपर जिला मजिस्ट्रेट जिला कटनी म.प्र.**

# भारत ने वेस्टइंडीज में हासिल की सबसे बड़ी जीत




## 119 रन से तीसरा वनडे जीता, शुभमन प्लेयर ऑफ द सीरीज



**मुंबई ( एजेंसी )।** भारत ने तीसरे वनडे में वेस्टइंडीज को 119 रन से हरा दिया है। बारिश से बाधित मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत विंडीज के सामने 35 ओवर में 257 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में वेस्टइंडीज की पूरी टीम 26 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। ब्रैंडन किंग और निकोलस पूरन ने अपनी टीम की तरह से सबसे ज्यादा 42-42 रन बनाए। वहीं, भारत की ओर से युजवेंद्र चहल ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके। वनडे सीरीज के बाद अब भारतीय टीम 29 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। टी-20 सीरीज में भारतीय टीम की कमान रोहित शर्मा संभालेंगे। विराट और जसप्रीत बुमराह वनडे के बाद टी-20 सीरीज भी नहीं खेलेंगे। दोनों को आराम दिया गया है।

### शुभमन गिल ने बेहतरीन बल्लेबाजी की

### बारिश की वजह से हुई परेशानी

तीसरे वनडे में बारिश ने दो बार खलल डाला और दोनों बार भारतीय पारी को ही बीच में रोकना पड़ा। पहली बार जब मैच रुका तो अंपयारों ने इसे 40 ओवर का कर दिया था। वहीं, दूसरी बार रुकने पर मुकाबले को 35 ओवर पर साइड कर दिया गया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दूसरी बार खेल रुकने तक 36 ओवर में तीन विकेट पर 225 रन बनाए थे। हालांकि, 35 ओवर का मैच होने की वजह से डीएलएस के तहत वेस्टइंडीज को 257 रन का लक्ष्य मिला, पर विंडीज की टीम 137 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने वनडे सीरीज में वेस्टइंडीज का सफाया कर दिया है। भारत ने वनडे सीरीज 3-0 से अपने नाम की। भारतीय टीम 39 साल से वेस्टइंडीज में वनडे सीरीज खेल रही है और उसने पहली बार कैरेबियाई टीम को उसके घर में क्लीन स्वीप किया है। शुभमन गिल को उनकी नाबाद 98 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। शुभमन ने इस सीरीज में तीन मैचों में 205 रन बनाए। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। 119 रन की जीत वेस्टइंडीज के खिलाफ उसकी जमीन पर वनडे में भारत की सबसे बड़ी जीत है। इसके साथ ही भारत ने विंडीज के खिलाफ लगातार 12वीं द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती। यह किसी एक टीम के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा द्विपक्षीय सीरीज जीतने का रिकॉर्ड है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही। कप्तान शिखर धवन और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 113 रन जोड़े। धवन ने वनडे करियर का 37वां अर्धशतक लगाया। वे 74 गेंदों में 58 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने शुभमन के साथ मिलकर 86 रन की साझेदारी निभाई। श्रेयस 44 रन बनाकर आउट हुए। सूर्यकुमार यादव आठ रन बनाकर आउट हुए।

### बारिश की वजह से शतक पूरा नहीं कर सके शुभमन

जब दूसरी बार खेल रुका तो शुभमन गिल 98 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे और बारिश की वजह से शतक पूरा नहीं कर पाए। शुभमन एक बार फिर अपने पहले अंतरराष्ट्रीय शतक से चूक गए। तीनों फॉर्मेट मिलाकर 98 नाबाद रन शुभमन का सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय स्कोर है। वहीं, उनके साथ संजू सैमसन छह रन बनाकर नाबाद लौटे। वेस्टइंडीज की ओर से हेडन वॉल्श ने दो और अकील हुसैन ने एक विकेट लिया।

### वेस्टइंडीज को सिराज ने दिए शुरुआती झटके

257 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। शून्य पर विंडीज ने दो विकेट गंवा दिए थे। मोहम्मद सिराज ने अपने पहले ही ओवर में कायल मेयर्स (0) और शामराह ब्रूक्स (0) को पवेलियन भेजा। इसके बाद शाई होप ने ब्रैंडन किंग के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी निभाई। युजवेंद्र चहल ने होप को विकेटकीपर सैमसन के हाथों स्टंप कराया। होप 22 रन बना सके। इसके बाद किंग और कप्तान निकोलस पूरन के बीच चौथे विकेट के लिए 27 रन की साझेदारी हुई।

### बीच के ओवरों में चहल ने फिरकी में फंसाया

अक्षर पटेल ने ब्रैंडन किंग को बोल्ड किया। आउट होने से पहले किंग ने 37 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का की मदद से 42 रन की पारी खेली। केसी कार्टी कुछ खास नहीं कर सके और पांच रन बनाकर शार्दुल ठाकुर की गेंद पर बोल्ड हुए। कप्तान निकोलस पूरन बड़े शॉट लगाने के चक्कर में प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर धवन को कैच दे बैठे। वह 32 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का की मदद से 42 रन बनाकर आउट हुए। उनके आउट होते ही विंडीज की पूरी टीम लड़खड़ा गई।

### किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे सीरीज जीत

| टीम | विपक्षी | सीरीज | कब से कब तक |
|---|---|---|---|
| भारत | वेस्टइंडीज | 12 | 2007-2022 |
| पाकिस्तान | जिम्बाब्वे | 11 | 1996-2020 |
| पाकिस्तान | वेस्टइंडीज | 10 | 1999-2022 |
| दक्षिण अफ्रीका | जिम्बाब्वे | 9 | 1995-2018 |
| भारत | श्रीलंका | 9 | 2007-2021 |

नोट- कम से कम 3 मैच की सीरीज

### वेस्टइंडीज का शर्मनाक रिकॉर्ड

वहीं, वेस्टइंडीज को अपने घर में लगातार दूसरी वनडे सीरीज में करारी हार मिली है। इससे पहले बांग्लादेश ने विंडीज का 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। विंडीज को लगातार नौवें वनडे में हार मिली है। वेस्टइंडीज ने लगातार सबसे ज्यादा 11 वनडे गंवाए हैं। ऐसा 2005 में हुआ था। टीम अपने इस शर्मनाक रिकॉर्ड को तोड़ने से बस दो हार दूर है।



## Women's World Cup 2025 भारत में होगा महिला विश्व कप 2025



## चार साल के अंदर एशिया में तीन आईसीसी टूर्नामेंट

**मुंबई ( एजेंसी )।** आईसीसी ने 2024 से लेकर 2027 तक के लिए सभी बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी तय कर दी है। बर्मिंघम में आईसीसी की सालाना कॉन्फ्रेंस में मेजबान देशों के नाम पर आखिरी मुहर लगाई गई। आईसीसी ने बताया है कि चार सालों में महिला टीमों के चार बड़े टूर्नामेंट होंगे, जिनकी शुरुआत आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 से होगी। इसकी मेजबानी बांग्लादेश के पास है। यह पहला मौका है, जब बांग्लादेश आईसीसी के किसी बड़े महिला टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है और दूसरी बार यह देश टी20 विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। सितंबर और अक्तूबर के महीने में होने वाले इस टूर्नामेंट में 10 टीमों के बीच कुल 23 मैच होंगे।

### 2025 विश्व कप की मेजबानी भारत के पास

साल 2025 में होने वाले महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी भारत को दी गई है। भारत पांचवीं बार आईसीसी के किसी महिला टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इससे पहले भी भारत चार बार आईसीसी महिला विश्व कप की मेजबानी कर चुका है। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी और कुल 31 मैच होंगे।

### 2026 टी20 विश्व कप इंग्लैंड में होगा

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 की मेजबानी इंग्लैंड के पास है। जून के महीने में होने वाले इस टूर्नामेंट में टीमों की संख्या 10 से बढ़कर 12 हो जाएगी और कुल 33 मैच खेले जाएंगे। यह पहला मौका होगा, जब महिला टी20 विश्व कप इंग्लैंड में खेला जाएगा। इस पर खुशी जताते हुए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के सीईओ क्लायर कॉनर ने कहा कि 2017 में इंग्लैंड को महिला विश्व कप की मेजबानी मिली थी और इंग्लैंड की टीम चैंपियन बनी थी। फाइनल मैच में लॉर्ड्स दर्शकों से खचाखच भार हुआ था और ऐसे पल में हीदर नाइट का ट्राफी उठाना मैं नहीं भूल सकता।

### श्रीलंका से शुरू होगी महिला चैंपियंस ट्रॉफी

साल 2026 में पहली बार महिला चैंपियंस ट्रॉफी खेली जाएगी। यह टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में होगा। फरवरी के महीने में होने वाले इस टूर्नामेंट में छह टीमों के बीच कुल 16 मैच होंगे। इसके साथ ही यह भी बताया गया है कि इसी साल नवंबर के महीने में आईसीसी चेयरमैन के चुनाव होंगे।

# राष्ट्रमंडल खेलों का आगाज आज

## उद्घाटन समारोह और सभी मैच




**मुंबई ( एजेंसी )।** राष्ट्रमंडल खेलों का उद्घाटन समारोह आज बर्मिंघम में होगा। गुरुवार (28 जुलाई) को इंग्लैंड के बर्मिंघम में एलेक्जेंडर स्टेडियम में भव्य उद्घाटन समारोह के साथ यह इवेंट शुरू होगा। राष्ट्रमंडल खेलों का यह 22वां संस्करण है। इसमें 72 देशों के 5000 से अधिक एथलीट 20 विभिन्न खेल स्पर्धाओं में पदक के लिए उतरेंगे। बर्मिंघम पहली बार इसकी मेजबानी कर रहा है इंग्लैंड तीसरी बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है। बर्मिंघम से पहले 1934 में लंदन और 2002 में मैनचेस्टर में राष्ट्रमंडल खेल हो चुके हैं। भारत 18वीं बार इन खेलों में उतरा है। उसने 1930, 1950, 1962 और 1986 में हिस्सा नहीं लिया था। इस बार भारत को बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, पहलवान रवि दहिया, बजरंग पूनिया, मुक्केबाज लवलीन बोर्गोहेन, निकहत जरीन और वेटलिफ्टर मीराबाई चानू सहित कई एथलीटों से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह भारतीय समयानुसार रात 11-30 बजे शुरू होगा। भारत में राष्ट्रमंडल खेलों के प्रसारण दूरदर्शन पर इन खेलों को देखा जा सकता है। दूरदर्शन सिर्फ भारतीय खिलाड़ियों के मैचों का प्रसारण करेगा। जियो टीवी पर आप फ्री में ऑनलाइन इन खेलों को देख सकते हैं। वहां आपको सोनी के सारे चैनल मिल जाएंगे।



# अंग्रेजी बोलने वाले बनाएंगे हिंदी फिल्में तो...

### अपने पुराने रंग में लौटे अनुराग कश्यप, बोले

**मुंबई ( एजेंसी )।** ओटीटी क्वीन का तमगा पा चुकीं अभिनेत्री तापसी पन्नू को लेकर फिल्म मनमर्जियां निर्देशित कर चुके अनुराग कश्यप अब उनके साथ फिल्म दो बारा लेकर आ रहे हैं। फिल्म को टीवी क्वीन एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है और बुधवार को मुंबई में इस फिल्म का ट्रेलर लांच हुआ तो कार्यक्रम में फिल्म की हीरोइन तापसी पन्नू ही नहीं आई। बताया गया कि वह शाहरुख खान के साथ अपनी अगली फिल्म 'डंकी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। यहां अनुराग फिर से अपने असली अवतार में आने की कोशिश करते दिखे। अरसे बाद अनुराग कश्यप उसी मोड में दिखे, जिसमें वह कॉरपोरेट घरानों के फेवरेट डायरेक्टर बनने के पहले हुआ करते थे। उन्होंने साफ कहा कि अगर अंग्रेजी बोलने वाले हिंदी फिल्में बनाएंगे तो फिल्मों का हश्र वही होगा, जो इन दिनों हो रहा है।

### 'दो बारा' के रीमेक फिल्म होने से इनकार

अनुराग की फिल्म 'दो बारा' को लेकर आरोप लगता रहा है कि ये विदेशी फिल्म 'मिराज' की रीमेक है तो अनुराग कश्यप ने अपनी बात यहीं से शुरू की। वह बोले, %मैं रीमेक फिल्म बनाने में यकीन नहीं करता है। मैं ओरिजलन कहानी पर ही फिल्में बनाना पसंद करता हूं। अभी फिल्मों का माहौल बहुत कंफ्यूजन भरा है। लोगों को समझ में नहीं आ रहा है कि अभी क्या चल रहा है। लेकिन ये बात साफ कि मेरी फिल्म 'दो बारा' किसी फिल्म की रीमेक नहीं हैं, हां, आप इसे प्रेरित फिल्म जरूर कह सकते हैं।

### अंग्रेजीदां बना रहे हिंदी फिल्में

इन दिनों जिस तरह से बॉलीवुड में हिंदी फिल्में एक एक करके बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ती नजर आ रही है और साउथ की फिल्में यहां चल रही है। इस मुद्दे पर अनुराग कश्यप कहते है, %हम जमीन से जुड़ी फिल्में नहीं बना रहे है। साउथ वाले जो भी फिल्में बनाते है, वो जमीन से जुड़ी फिल्में होती है। हमारे यहां अंग्रेजी बोलने वाले अगर हिंदी फिल्में बनाएंगे तो यही होगा। हम जमीन से जुड़ी फिल्में बनाना भूल गए हैं। अगर गंगूबाई और %भूल भुलैया 2% चली हैं तो इन फिल्मों की सफलता का यही कारण है कि ये फिल्में जमीन से जुड़ी हुई फिल्में थी।

### क्लासिक फिल्म की रीमेक बनाना बेवकूफी

अरसे से चर्चा रही है कि अनुराग कश्यप हॉलीवुड के मशहूर निर्देशक क्वेंटिन टैरेंटिनो की क्लासिक एक्शन थ्रिलर 'किल बिल' के हिंदी रीमेक का डायरेक्शन करने जा रहे हैं और इसमें अमेरिकन अभिनेत्री उमा थर्मन वाला किरदार कृति सेनन निभाएंगी। अनुराग कश्यप ने इस खबर का खंडन करते हुए कहा, 'जैसा कि मैंने पहले ही कहा कि मैं रीमेक फिल्मे नहीं बनाता। वैसे भी किसी भी क्लासिक फिल्म की रीमेक बनाना बेवकूफी है। कृति के साथ जो फिल्म बना रहा हूं वह रिवेंज एक्शन फिल्म जरूर है,लेकिन किल बिल की रीमेक नहीं है।'



# नीरज के हटने के बाद सिंधु को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## उद्घाटन समारोह में होंगी ध्वजवाहक

**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय ओलंपिक संघ ने स्टार भालाफेंक एथलीट नीरज चोपड़ा के हटने के बाद पीवी सिंधु को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों में गुरुवार (28 जुलाई) को होने वाले उद्घाटन समारोह में भारत का ध्वजवाहक बनाया गया है। सिंधु को यह मौका लगातार दूसरी बार मिला है। वह पिछली बार ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट (2018) में भी भारत की ध्वजवाहक थीं।भारतीय ओलंपिक संघ ने अपने बयान में कहा, %%दो बार की ओलंपिक पदक विजेता शटलर पीवी सिंधु को बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह में टीम इंडिया के ध्वजवाहक के रूप में घोषित करते हुए हमें खुशी हो रही है।%% संघ ने यह भी कहा कि नीरज चोपड़ा की चोट के बाद भारोत्तोलक मीराबाई चानू और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन पर विचार किया गया।

### कार्यवाहक अध्यक्ष और महासचिव ने सिंधु को चुना

संघ ने कहा, सिंधु के साथ दो अन्य योग्य एथलीटों को टीम इंडिया का ध्वजवाहक माना जा रहा था- भारोत्तोलक मीराबाई चानू और मुक्केबाज लवलीना बोर्गोहेन। दोनों ओलंपिक पदक विजेता हैं। आईओए के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना, महासचिव राजीव मेहता, कोषाध्यक्ष आनंदेश्वर पांडे और राजेश भंडारी की चार सदस्यीय समिति ने तीन एथलीटों को शॉर्टलिस्ट किया। आखिरकार अनिल खन्ना और राजीव मेहता ने सिंधु को उद्घाटन समारोह के लिए ध्वजवाहक के रूप में चुना।

### भारत के 213 एथलीट उतरेंगे

22वें राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन इंग्लैंड के बर्मिंघम में 28 जुलाई से आठ अगस्त तक होने जा रहा है। भारत के 213 खिलाड़ी इसमें शामिल होंगे। पहले 215 एथलीट इसमें हिस्सा लेने वाले थे, लेकिन स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा चोट और ट्रिपल जंप में नेशनल रिकॉर्ड धारक ऐश्वर्या बाबू डोप टेस्ट में फेल होने के कारण बाहर हो गईं।

### 17 बार भाग ले चुका है भारत

1930 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में भारत अब तक 17 बार भाग ले चुका है। उसने चार बार हिस्सा नहीं लिया। भारतीय खिलाड़ी 1930, 1950, 1962 और 1986 राष्ट्रमंडल खेलों में नहीं उतरे थे। 1934 में पहली बार भारतीय खिलाड़ियों ने जब भाग लिया था तब इसे ब्रिटिश एम्पायर गेम्स कहा जाता है। आजादी के बाद पहली बार भारत ने 1954 में राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लिया था।

# जनपदों में भी लहराया भाजपा का परचम, समर्थित उम्मीदवार जीते

## तीनों जनपद पंचायतों में विधायक संजय पाठक की कुशल रणनीति से भाजपा समर्थित उम्मीदवार बने अध्यक्ष-उपाध्यक्ष

**कटनी, यशभारत।** जिले के तीनों नगर परिषदों बरही, विजयराघवगढ़ एवं कैमोर में कब्जा जमाने के बाद तीन जनपद पंचायतों में भी भाजपा ने क्लीन स्वीप कर दिया है। तीनों जनपदों में भाजपा समर्थित जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। बड़वारा और ढीमरखेड़ा में अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ, तो वहीं विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत में सुनीता सुनील कोल ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी को 14 मतों से हराकर इकतरफा जीत दर्ज की। यहां 22 में से 18 वोट सुनीता कोल को और निकटतम उम्मीदवार उर्मिला मरावी को मात्र 4 वोटों से संतोष करना पड़ा। तीनों जनपद पंचायतों में भाजपा की शानदार जीत के सूत्रधार पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक रहे, जिनकी कुशल रणनीति के सामने कांग्रेस चारों खाने चित्त हो गई। श्री पाठक द्वारा तीनों जनपद पंचायतों में नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों के बीच आपसी सहमति बनाई गई और सर्वसम्मति के आधार पर दोनों ही जनपदों में एक राय बनाकर अधिकृत प्रत्याशी के नाम का ऐलान किया गया, जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त की। नतीजा यह रहा कि दोनों ही जनपदों में अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

**दो जनपदों में निर्विरोध निर्वाचन तो एक जनपद में 14 वोटों से शानदार जीत, आज कटनी, रीठी एवं बहोरीबंद में चुनाव**



जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में पीठासीन अधिकारी से प्रमाण पत्र करते नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष।



जनपद पंचायत बड़वारा में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव में मिली शानदार जीत का जश्न मनाते हुए कार्यकर्ता।



विजयराघवगढ़ में विधायक संजय पाठक की मौजूदगी में पीठासीन अधिकारी से प्रमाण पत्र प्राप्त करते नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुधा कोल एवं उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान।

पंचायत चुनाव के बाद से ही ऐसा माना जा रहा था कि भाजपा जनपद पंचायतों में भी कब्जा कर लेगी और हुआ भी यही। बुधवार को जब तीन जनपदों में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ तो तीनों जनपदों में भाजपा का कब्जा हो गया। जनपद पंचायत बड़वारा में सुधा घनश्याम जायसवाल निर्विरोध अध्यक्ष बनीं तो उपाध्यक्ष पद पर रामसेवक दुबे निर्वाचित हुए। दोनों ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष को भाजपा ने समर्थन दिया था। इसी तरह जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में भी कुछ इसी तरह की स्थिति बनी। विधायक संजय पाठक द्वारा दो दिन पहले तैयार की गई रणनीति के मुताबिक अध्यक्ष पद के लिए सुनीता संतोष दुबे एवं उपाध्यक्ष पद के लिए दुर्गा पटेल द्वारा नामांकन जमा किया गया। दोनों ही पदों के लिए केवल एक ही नामांकन जमा होने पर पीठासीन अधिकारी ने दोनों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में भी आम सहमति की कोशिश की गई थी। यहां से अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित सुधा कोल अध्यक्ष चुनीं गई तो वहीं उपाध्यक्ष पद पर वरिष्ठ भाजपा नेता उदयराज सिंह चौहान को निर्वाचित हुए।

### जनपद पंचायतों में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे : संजय पाठक



जिले की तीनों जनपदों में भाजपा समर्थित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया है कि नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के नेतृत्व में जनपद पंचायत में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे एवं जनपद पंचायत के विकास एवं जनसेवा के सभी लक्ष्यों को पूर्णता प्रदान मिलेगी।

### तीनों जनपद पंचायतों में नवनिर्वाचित अध्यक्ष-उपाध्यक्ष

| जनपद पंचायत | अध्यक्ष | उपाध्यक्ष |
|---|---|---|
| बड़वारा | सुधा जायसवाल (भाजपा) | रामसेवक दुबे (भाजपा) |
| विजयराघवगढ़ | सुधा कोल (भाजपा) | उदयराज सिंह चौहान (भाजपा) |
| ढीमरखेड़ा | सुनीता दुबे (भाजपा) | दुर्गा पटेल (भाजपा) |

### विजयराघवगढ़ में मना जीत का जश्न, विधायक का किया स्वागत



परिणाम घोषित होने के बाद तीनों जनपदों में जीत का जश्न मनाया गया। विजयराघवगढ़ में इस मौके पर भाजपा समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने विधायक संजय पाठक का पुष्पहारों से स्वागत किया। इसके उपरांत क्षेत्र में विजय जुलूस भी निकाला गया। तीनों जनपदों विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा एवं बड़वारा में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होने के बाद आज कटनी, रीठी और बहोरीबंद में जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव कराया जा रहा है। चुनाव को लेकर एक बार फिर जिले में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। जनपद अध्यक्षों के बाद कल 29 जुलाई को जिला पंचायत अध्यक्ष का भी चुनाव कराया जाएगा।

# अहमदाबाद से सोमनाथ के बीच रद्द रहेगी सोमनाथ एक्सप्रेस

## मेगा ब्लॉक के चलते रेलवे का निर्णय



**कटनी, यशभारत।** पश्चिम रेलवे के अंतर्गत राजकोट मंडल के सुरेन्द्रनगर-राजकोट रेलखंड में स्थित थान स्टेशन पर दोहरीकरण कार्य के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य के लिए मेगा ब्लॉक लिया जा रहा है। जिसके चलते इस रेलखंड की कुछ गाड़ियों को निरस्त, कुछ को आंशिक निरस्त और कुछ को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है। आंशिक निरस्त होने वाली गाड़ियों में गाड़ी संख्या 11466/11465 जबलपुर-सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस भी शामिल है। मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि 29 जुलाई को अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 11466 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस अहमदाबाद स्टेशन पर टर्मिनेट होगी। यह गाड़ी अहमदाबाद से सोमनाथ के बीच आंशिक रद्द रहेगी। इसी प्रकार वापसी में 30 जुलाई को अपने प्रारंभिक स्टेशन सोमनाथ से चलने वाली गाड़ी संख्या 11465 सोमनाथ की जगह अहमदाबाद स्टेशन से प्रारंभ होकर गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी सोमनाथ से अहमदाबाद के बीच आंशिक रद्द रहेगी।

### स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि में हुआ विस्तार

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए वर्तमान में चलाई जा रही कुछ स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि में विस्तार किया है। जिसमें पश्चिम मध्य रेलवे से होकर गुजरने वाली भी कुछ ट्रेनें शामिल हैं। मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि गाड़ी संख्या 09045 उधना जंक्शन-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 30 सितंबर तक तथा वापसी में गाड़ी संख्या 09046 रीवा-उधना जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 01 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09013 उधना जंक्शन-बनारस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 27 सितंबर तक तथा वापसी में गाड़ी संख्या 09014 बनारस-उधना जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 28 सितंबर तक विस्तारित कर दी गई है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 09117 सूरत-सूबेदारगंज स्पेशल ट्रेन 30 सितंबर तक तथा वापसी में गाड़ी संख्या 09118 सूबेदारगंज-सूरत साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन भी दिनांक 01 अक्टूबर तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से गन्तव्य के लिये चलती रहेगी।

# संघमित्रा एक्सप्रेस में महिला यात्री को हुई डिलेवरी

### जच्चा-बच्चा सुरक्षित, कटनी में चिकित्सकीय परामर्श लेकर गंतव्य के लिए रवाना हुआ परिवार

**कटनी, यशभारत।** एर्नाकुलम से पटना के कटनी होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 22669 संघमित्रा एक्सप्रेस में सोमवार को यात्रा के दौरान महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी। ट्रेन के कटनी पहुंचने पर डॉक्टर मौके पर पहुंचे। नाड़ा काटते हुए जच्चा-बच्चा की जांच की। प्रसूता को ट्रेन से उतरकर अस्पताल में भर्ती होने के लिए कहा लेकिन वह नहीं मानी और स्वस्थ होने के कारण गंतव्य के लिए रवाना हो गई। इस सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 22669 एर्नाकुलम-पटना संघमित्रा एक्सप्रेस में 22 वर्षीय अंजू कुमारी एस-01 के बर्थ नंबर 10 त्रिपुरा से पटना की यात्रा कर रही थी। मार्ग में अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि अंजू को प्रसव पीड़ा होने लगी। ट्रेन के निवार स्टेशन के पास प्रसव हो गया। साथी यात्रियों ने कंट्रोल को सूचना दी। इसके बाद डॉक्टर कॉल हुआ। सोमवार की शाम ट्रेन के कटनी पहुंचते ही रेलवे डॉक्टर ने ट्रेन को अटेंड किया। बच्चे का नाड़ा काटा गया। चिकित्सक ने महिला व बच्चे की जांच की। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ थे। इस पर चिकित्सक ने उतरकर सिविल अस्पताल में भर्ती होने के लिए कहा। जिस पर महिला यात्री ने मना कर दिया। उपचार लेकर महिला गंतव्य के लिए रवाना हो गई।

# पुष्पगिरी कॉलोनी की पांचवी मंजिल में भड़की आग

### शॉर्ट सर्किट से बैंक कर्मी का जला सामान



**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के रबर फैक्ट्री रोड क्षेत्र स्थित पुष्पगिरी अपार्टमेंट की पांचवी मंजिल में मंगलवार की शाम आग भड़क उठी। आग लगने से एक टूबीएचके फ्लैट में बैंक कर्मी का सामान जलकर खाक हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मल्टी की पांचवी मंजिल के फ्लैट में आग लगी थी। आग शॉट सर्किट से लगना बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बैंक में नौकरी करने वाली युवती का सामान जलकर खाक हो गया है। सूचना मिलते ही नगर निगम से दमकल पहुंचा और आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन ऊंचाई अधिक होने के कारण समस्या हुई। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने में प्रभारी शैलेंद्र दुबे, आकाश गुरुंग, शिवानंद बड़गैंया, भोला, वसीम खान, शारदा सहित स्थानीय लागों की भूमिका रही। बताया जा रहा है कि मल्टी में फायर सेफ्टी के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं थे, जिसके चलते बड़ा हादसा हुआ। यह तो गनीमत रही कि आग अन्य फ्लैटों में नहीं पहुंची। आग लगने से पूरे मल्टी में दहशत का माहौल निर्मित हो गया था।

### कार की टक्कर से किशोर घायल

**कटनी, यशभारत।** कैमोर थाना अंतर्गत एसीसी सोसाइटी के पास कार की टक्कर से किशोर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अमरैयापार निवासी 17 वर्षीय मुतजरर शेख अफ्जल पिता शेख असरफ को कार चालक मोहम्मद सहबाज ने टक्कर मारकर घायल कर दिया।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें
Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

प्लाट बिकाऊ हैं
राय कॉलोनी, शांतिनगर, बारह बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास प्लाट बिकाऊ हैं।
रेट 1000/- से 1200/- तक
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें. मो. 9993705740

### 11 मोबाइल हुए चोरी

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत मोबाइल चोरी के मामले सामने आए हैं। गोविन्द बर्मन पिता मोहन बर्मन निवासी आजाद चौक थाना कोतवाली ने बताया कि 4 नग मोबाइल अज्ञात आरोपी ने पार कर दिए हैं। इसके अलावा तेवरी बायपास में भी अजय यादव निवासी गायत्री नगर थाना कोतवाली का अज्ञात आरोपी ने 7 नग मोबाइल पार कर दिए हैं।

### महिला का मंगलसूत्र चोरी

कटनी, यशभारत। रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत रंगनाथ मंदिर के पास एक महिला का मंगलसूत्र चोरी जाने का मामला प्रकाश में आया है। सतना के अमरपाटन थाना अंतर्गत सांईनगर कालोनी निवासी 53 वर्षीय रश्मि पति दयाशंकर मिश्रा रंगनाथ मंदिर के पास रहती है। महिला का अज्ञात आरोपी ने 10 ग्राम वजनी मंगलसूत्र पार कर दिया।

मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है
क्योकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.


सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)